जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 32 संख्याः 76 प्रभात उदयपुर, शुक्रवार 17 जनवरी, 2025 आर.जे. 7202 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

## अमेरिका की ''शेयर रिसर्च कम्पनी'' हिंडनबर्ग ने अचानक कामकाज बंद करने की घोषणा की

### हिंडनबर्ग ने अडानी ग्रुप के खिलाफ रिपोर्ट दी थी कि अडानी ग्रुप भारी कर्जे में डूबा हुआ है तथा इस तथ्य को ग्रुप ने अपनी बैलेंस शीट में परिलक्षित नहीं किया है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 जनवरी। विवादास्पद इक्विटी कम्पनी हिंडनबर्ग अचानक बंद हो गई है। फर्म के संस्थापक और शॉर्ट सैलर ने कहा कि यह उनकी जिंदगी एक अध्याय मात्र है एक मात्र अध्याय नहीं है।

हिंडनबर्ग के बंद होने के तुरंत भारत में राजनैतिक मोड़ किया गया। जहां सत्तारुढ़ भाजपा ने कहा कि हिंडनबर्ग जैसी कम्पनियां ''इकोनॉमिक टैररिस्ट'' है जो भारत में वैल्यू को नष्ट करने के लिए काम करती है वहीं कांग्रेस ने कहा कम्पनी के बंद होने का अर्थ यह नहीं है कि सम्बंधित समूह (अडानी) पर लगे भ्रष्टाचार और फर्ज़ीवाड़े के सारे आरोप भी खत्म हो गए हैं।

हिंडनबर्ग भारत में उस समय सुर्खियों में आया जब उसने अडानी ग्रुप ऑफ कम्पनीज के बारे में रिपोर्ट दी और बताया कि इस समूह पर भारी कर्ज है जिसे बैलेंस शीट में ठीक से नहीं दिखाया गया है। अन्य आरोप भी है जैसे सरकारी ठेके और स्वीकृतियां पाने के लिए सरकारी अफसरों को रिश्वत देना।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट के आधार पर अमेरिका में अडानी ग्रुप के मामलों की जांच शुरु हुई थी क्योंकि इस समूह ने अमेरिका में फंड जुटाया था। अमेरिकन प्रशासन ने। गौतम अडानी व उनके भतीजे की गिरफ्तारी के आदेश तक निकाल दिए थे। अडानी ग्रुप को स्थिति सुधारने के लिए अमेरिका से एकत्रित कुछ फंड भी लौटाना पड़ा था।

- हिंडनबर्ग ने इस तथ्य को अपनी रिपोर्ट में उजागर करते समय अडानी ग्रुप पर यह भी आरोप लगाया था कि अडानी ग्रुप ने सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी है, सरकार से अपने उद्योग के लिये कांट्रेक्ट व क्लियरेंसेज़ प्राप्त करने के लिये।
- हिंडनबर्ग की इस रिपोर्ट के बाद अडानी ग्रुप के शेयर्स की कीमत में भारी अवमूल्यन हुआ था तथा अरबों डॉलर की निवेशकों की पूँजी डूब गई थी और अमेरिकी सरकार ने अडानी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अडानी के खिलाफ गिरफ्तारी ''वॉरंट'' भी निकाला था।
- पर, अभी हाल ही में हिंडनबर्ग कम्पनी पर अमेरिकी सरकार काफी निगाहें रखी हुई थी। कम्पनी पर, शेयर मार्केट पर अपनी रिपोर्टों के आधार पर, कम्पनी के ''शेयर'' की कीमत में ''मैनिपुलेशन'' (कृत्रिम उतार-चढ़ाव) करने का आरोप था, शायद सरकार से प्राप्त नोटिसों के कारण हिंडनबर्ग ने अपना काम बंद करने का निर्णय लिया है।
- अडानी ग्रुप में इस खबर से काफी हर्षोल्लास का माहौल है, परन्तु, कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने हर्षोल्लास पर तीखी टिप्पणी की कि इस खबर से यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है कि अडानी ग्रुप पर लगे आरोपों से ग्रुप मुक्त हो गया है।

बचाव के लिए उठाए गए कदमों के बाद भी इस कम्पनी को भारी नुकसान हुआ था। रिपोर्ट के सार्वजनिक होने से पहले गौतम अडानी विश्व के सबसे अमीर लोगों में से एक थे यहां तक कि मुकेश अम्बानी से भी आगे थे पर रिपोर्ट आने के बाद वे इस लिस्ट के बहुत नीचे आ गए।

रिपोर्ट आने के बाद अडानी के शेयरों के दाम गिर गए। निवेशकों को भारी नुकसान हुआ लेकिन बाद में शेयर के दाम फिर से बढ़कर पहले वाले स्तर पर पहुंच गए।

इस बीच हिंडनबर्ग ने ''शॉर्ट सैलिंग'' की। अर्थात् जब एक निवेशक को शेयर के दाम गिरने का पूर्वाभास होता है और दाम गिरने की उम्मीद में वो शेयर बेच देता है। इन निवेशकों को ''शॉर्ट सैलर्स'' कहते हैं।

अडानी ग्रुप को लेकर हिंडनबर्ग की रिपोर्टों से बिल्कुल ऐसी ही स्थिति पैदा हुई थी और साधारण निवेशकों को बहुत नुकसान हुआ था। तथापि, युनाइटेड स्टेट्स में इस रिसर्च फर्म के विरुद्ध जांच

( शेष पृष्ठ 3 पर )

## दिल्ली वालों को आठवें पे कमीशन का तोहफा

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 जनवरी। मोदी सरकार द्वारा आज आठवें वेतन आयोग गठित करने की घोषणा किया जाना चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता का प्रत्यक्ष उल्लंघन है अथवा नहीं- यह प्रश्न आज राजनैतिक रुप से सचेत क्षेत्रों में पूछा जा रहा है। ज्ञातव्य है कि यह वेतन आयोग केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन तथा पेंशनरों के भत्तों में संशोधन करेगा।

जहाँ सरकार केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन तथा पेंशनरों के भत्तों को संशोधित करने के लिये 8 वें वेतन आयोग के गठन के अपने निर्णय को एक बड़ा कदम बताते हुये, उसका ढ़ोल पीट रही है, वहीं केन्द्रीय राजधानी की राजनैतिक रुप से जाग्रत सिविक सोसायटी इस घोषणा को उन सरकारी कर्मचारियों से किया गया एक बहुत बड़ा वादा बता रही है, जो कर्मचारी अगले माह होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव के मतदाता हैं।

- केन्द्र सरकार के इस कदम से केन्द्रीय कर्मचारियों को लाभ होगा, जिनमें से अधिकांशतः दिल्ली के वोटर हैं। विपक्ष सरकार की इस घोषणा को चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बता रहा है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी

( शेष पृष्ठ 3 पर )

## 'प्लेसेज़ ऑफ वर्शिप एक्ट धर्मनिरपेक्षता की रक्षा के लिए जरुरी है'

### कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में स्पष्ट कहा

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 जनवरी। अल्पसंख्यक अधिकारों से संबंधित मामलों में अपने दुराग्रह को अलग रखते हुये, कांग्रेस ने गुरुवार को स्वयं को उन पार्टियों, जिनमें एआईएमआईएम तथा आरजेडी भी शामिल हैं, के साथ जोड़ दिया, तथा उन याचिकाओं के विरोध में सर्वोच्च न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र पेश कर दिया, जिन याचिकाओं में ''प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट, 1991 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है।

जैसा कि राष्ट्रदूत पहले बता चुका है। पार्टी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने आज याचिका दायर की, जिसमें जोर देते हुये कहा गया है कि यह अधिनियम भारतीय जनता के आदेश को प्रदर्शित करता है तथा साम्प्रदायिक समरसता बनाये रखने तथा भारतीय धर्मनिरपेक्ष प्रवृत्ति की पुष्टि करता है।

पिछले कुछ महीनों में, दक्षिणपंथी संगठनों और व्यक्तियों ने इस अधिनियम को चुनौती देने वाली कई याचिकाएं दायर की हैं। किन्हीं अश्विनी कुमार उपाध्याय ने अपनी याचिका में जोर देते हुये कहा है कि यह अधिनियम, पूजा स्थलों की धार्मिक स्थिति को 15 अगस्त, 1947 वाली स्थिति रखकर, हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन समुदायों के विरूद्ध भेदभाव करता है, इसमें बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि स्थल एकमात्र अपवाद है।

- याचिका, कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने दायर की है। अब कांग्रेस भी ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम और आरजेडी के साथ शामिल हो गई है।
- यह याचिका दायर कर कांग्रेस खुलकर अल्पसंख्यकों के पक्ष में आ गई है, जबकि अब तक पार्टी का रुख अल्पसंख्यकों के लिए कुछ ढुल-मुल सा रहता था।
- सुप्रीम कोर्ट में प्लेसेज़ ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 को चुनौती देने वाली कई याचिकाएं दायर की गई हैं, राजद, ओवैसी और अब कांग्रेस ने इन याचिकाओं के खिलाफ प्रार्थना पत्र दायर किए हैं।

सर्वोच्च न्यायालय की स्पेशल बैंच, जिसमें न्यायमूर्ति संजय कुमार और के.वी. विश्वनाथन शामिल थे, ने 12 दिसम्बर के अपने निर्णय में पूरे देश की अदालतों को निर्देश दिये थे कि वे इस प्रकार के नये केसों पर विचार नहीं करें तथा पूजा स्थलों के धार्मिक चरित्र सुनिश्चित करने के लिये सर्वे के आदेश नहीं दें। इस आदेश की पृष्ठभूमि में हिन्दू ग्रुपों के ऐसे केसों में जबरदस्त बढ़ोतरी थी, जिनमें मस्जिदों के सर्वे की माँग की गई थीं। इन मस्जिदों में वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद तथा मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद भी शामिल हैं। सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्देश से इस प्रकार के करीब 18 केसों में कार्यवाही रूक गई तथा इसके कारण साम्प्रदायिक तथा राजनैतिक तनाव उभर कर सामने आ गये।

कांग्रेस ने अपनी इस याचिका में दक्षिणपंथी ग्रुपों के दावों का विरोध किया है तथा कहा है कि यह अधिनियम किसी धार्मिक समुदाय का पक्ष नहीं लेता, बल्कि समानता को पोषित-प्रोत्साहित करता है। ''यह सभी समुदायों पर समान रूप से लागू है तथा यह सुनिश्चित करता है कि किसी ग्रुप का नुकसान न हो तथा किसी ग्रुप के साथ विशेष व्यवहार नहीं

( शेष पृष्ठ 3 पर )

## स्पेस डॉकिंग क्षमता हासिल करने वाला भारत विश्व का चौथा देश बना

### इसरो की अदुभुत उपलब्धि पर प्रधानमंत्री मोदी ने बधाई दी

श्रीहरिकोटा, 17 जनवरी। भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और लंबी छलांग लगाकर विश्व के चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार सुबह दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में स्थापित कर इतिहास रच दिया। इसके साथ ही अमेरिका, रूस, चीन के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाला भारत चौथा देश बन गया। यह प्रौद्योगिकी भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं जैसे चंद्रमा पर भारतीय मिशन, चंद्रमा से नमूने लाना, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) का निर्माण और संचालन आदि के लिए जरूरी है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को ''स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट'' (स्पेडेक्स) के तहत उपग्रहों की सफलतापूर्वक ''डॉकिंग'' की। इसरो ने ''एक्स'' पर कहा, ''भारत ने अंतरिक्ष इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया है। सुप्रभात भारत, इसरो के स्पेडेक्स मिशन ने ''डॉकिंग'' में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इस क्षण का गवाह बनकर गर्व महसूस हो रहा है।''

- अंतरिक्ष में जब दो ऑब्जैक्ट एक साथ आते हैं और जुड़ जाते हैं, उसे डॉकिंग कहते हैं। अब तक यह क्षमता अमेरिका, रूस और चीन के पास ही थी, अब भारत के पास भी है।
- इसरो ने 30 दिसम्बर 2024 को स्पेस डॉकिंग एक्सपैरिमैंट की शुरुआत की थी और अंततः इस प्रयोग में सफलता हासिल कर ली है।
- भारत 2035 तक अंतरिक्ष में अपना स्टेशन शुरु करना चाहता है और उसके लिये यह क्षमता बेहद महत्वपूर्ण है।

इससे पहले 12 जनवरी को इसरो ने उपग्रहों को ''डॉक'' करने के परीक्षण के तहत दो अंतरिक्ष यान को तीन मीटर की दूरी पर लाकर और फिर सुरक्षित दूरी पर वापस भेजा था। इसरो ने 30 दिसंबर 2024 को 'स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट' (स्पेडेक्स) मिशन की सफलतापूर्वक शुरूआत की थी। इसरो ने रात 10 बजे

( शेष पृष्ठ 3 पर )

## सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी के मंडल प्रमुख की गिरफ्तारी का वॉरन्ट

जयपुर, 16 जनवरी। जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-द्वितीय ने अदालती आदेश का पालन नहीं करने पर सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी के मंडल प्रमुख अब्दुल कामरान सहित रितिका जैन व आदित्य बनर्जी के खिलाफ गिरफ्तारी वॉरन्ट जारी किए हैं और आरोपियों को 10 फरवरी को पेश होने का निर्देश दिया है। आयोग ने वॉरन्ट तामील करवाने की जिम्मेदारी जयपुर पुलिस कमिश्नर को दी है।

- जिला उपभोक्ता आयोग ने प्रार्थी चांद देवी को एक लाख रूपए देने के आदेश का पालन नहीं होने पर दायर अवमानना याचिका पर ये आदेश दिए।

आयोग के अध्यक्ष ग्यारसीलाल मीना ने यह निर्देश हसनपुरा निवासी चांद देवी के अवमानना प्रार्थना पत्र पर

( शेष पृष्ठ 3 पर )






## कर्नाटक कांग्रेस में फिर से नेतृत्व परिवर्तन का मुद्दा गरमाया

### मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार की खींचतान का असर पार्टी नेताओं की बयानबाजी में दिखने लगा

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 जनवरी। कर्नाटक में कांग्रेस उसी काम में जुट गई है, जिसमें वह माहिर है, यानि की अन्तर्कलह और पद की लड़ाई। दिल्ली का नेतृत्व स्थिति को संभालने की कोशिश कर रहा है तथा देश की जनता में अपनी प्रतिष्ठा की वापसी की लड़ाई के लिये तैयार हो रहा है।

बजाय इसके कि एक समृद्ध, प्रगतिशील और उदीयमान राज्य में जनता के सामने एक आदर्श सरकार का स्वरूप प्रस्तुत किया जाता, कांग्रेस का प्रांतीय नेतृत्व बँटा हुआ प्रतीत हो रहा है तथा एक-दूसरे से लड़ रहा है और यह एक ऐसी स्थिति है, जिसका फायदा उठाने के लिये भाजपा सदैव तैयार रहती है तथा अपना नैरेटिव बनाने के लिए कांग्रेस की कलह को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने का मौका कभी नहीं चूकती है।

- कांग्रेस नेतृत्व की स्थिति बड़ी अटपटी हो गई है, क्योंक सिद्धारमैया और डी.के. शिवकुमार दोनों ही ताकतवर नेता हैं और आलाकमान इनमें से किसी को भी नाराज़ नहीं कर सकता है।
- पार्टी के नेता परमेश्वर ने डी.के. शिवकुमार के उपमुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष बने रहने पर आपत्ति जताई और कहा कि उन्हें एक पद छोड़ देना चाहिए।
- स्थानीय मीडिया भी कांग्रेस के इन बयानों को तूल दे रहा है और भाजपा ने कहना शुरु कर दिया है कि कांग्रेस के नेता पद के लिए लड़ते रहते हैं, उन्हें प्रदेश की कोई फिक्र नहीं है।

इसे कांग्रेस की एक खास उपलब्धि ही कहा जायेगा, जब उसकी स्थिति बहुत खराब थी, तब भी उसने कर्नाटक को भाजपा से छीन लिया। कर्नाटक एक ऐसा राज्य है, जो लम्बे समय से ज्ञान और आई.टी. का हब बना हुआ है, भारत का जीसीसी सैन्टर तथा सॉफ्टवेयर का पावर हाउस माना जाता है।

नेतृत्व के लिये मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया तथा उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के बीच की गहन कलह इस कांग्रेस सरकार की प्रवृत्ति बन गई है और कमाल की बात यह है कि ये दोनों ही नेता केन्द्रीय पार्टी नेतृत्व के प्रिय हैं। वास्तविकता यह है कि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी आंतरिक खींचतान से भरी हुई है तथा नेतृत्व परिवर्तन की बातें राज्य के स्थानीय अखबारों के मुख्य पृष्ठ पर नियमित रूप से आती रहती हैं। यही

( शेष पृष्ठ 3 पर )

## विचार बिन्दु

**स्वयं को बदल दो, भाग्य बदल जायेगा –कहावत**

# अब देश की सभी राजनीतिक पार्टियां फ्रीबीज की पिच पर

दिल्ली विधान सभा चुनाव में कांग्रेस अकेली और अलग–थलग पड़ी। इंडिया गठबंधन के मुख्य दल केजरीवाल के समर्थन में तथा भाजपा के विरोध में इंडिया गठबन्धन तथा कांग्रेस/ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और उद्धव ठाकरे केजरीवाल के समर्थन में। इस प्रकार दिल्ली विस का चुनाव त्रिकोणात्मक होने जा रहा है। स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि केजरीवाल ने यह आरोप कांग्रेस पर लगाया है कि वह बीजेपी की आर्थिक सहायता से चुनाव लड़ रही है। उमर अब्दुल्ला जेकेके मुख्यमंत्री और इण्डिया गठबन्धन के सदस्य ने इण्डिया गठबन्धन को भंग करने की मांग उठाई है।

दिल्ली विधान सभा के चुनाव में जोर–शोर से रेवडियां बांटी जा रही हैं। केजरीवाल ने फ्रीबीज का प्रारम्भ किया था और अब बीजेपी व कांग्रेस भी इस मार्ग पर चल पड़ी है।

आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के मध्य जबरदस्त वाक युद्ध चल रहा है। धर्म के पिच से यह लडाई जाति के पिचर पर आ गई है। मुफ्त के वायदे टॉप पर हैं। इण्डिया गठबन्धन टूट रहा है। मतदाता भ्रमित हैं।

मतदाताओं को रिझाने के लिये भरसक प्रयास किये जा रहे हैं। मतदाताओं के पूर्वान्चल के (बिहार, यूपी) के 30 प्रतिशत वोटर्स हैं। यह भी आरोप है कि 15 दिन में 13000 नये लोग बाहर से लाकर, उन्हें वोटर बनाया गया है। यह फर्जी कार्यवाही है। दिनांक 20.12.2024 को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने आरोप लगाया है कि बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व दिल्ली में बसे पूर्वान्चल के लोगों की तुलना बांग्लादेशीयों से व रोहिंग्या से करके उनका अपमान किया है। केजरीवाल ने शंका भरे स्वर में कहा है, इन लोगों ने 30–40 वर्षों से मतदान किया है, फिर इन्हें बांग्लादेशी अथवा रोहिंग्या कैसे कहा जा सकता है? बीजेपी ने केजरीवाल के इस कथन का खण्डन किया है। तथाकथित फर्जी वोटर्स को यूपी बिहार से कनेक्शन बताने पर केजरीवाल को घेरा है। बिहार यूपी से आकर दिल्ली में बसने वालों की आबादी 24–25 प्रतिशत है। विस की गई सीटों पर इन लोगों का बाहुल्य है। इन्होंने गत 10 वर्षों में केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को विजय दिलाई है। बीजेपी 'आप' के विरूद्ध विरोध प्रदर्शन कर रही है।

केजरीवाल ने चुनाव आयोग को शिकायत की है। प्रेस कॉन्फरेन्स की है। उन्होंने कहा कई वोटर्स उत्तर प्रदेश बिहार व पडोसी राज्यों से लाये गये हैं। नकली वोटर्स का पंजीकरण चुनाव प्रक्रिया को क्षति पहुंचायेगा। वस्तुतः यूपी, बिहार के मतदाता विस की 70 सीटों में से कई पर केजरीवाल को जीत दिलाती रही है।

दिल्ली विधान सभा के चुनाव में एक एक सीट पर भयंकर लडाई है। धर्म के नाम पर काफी लडाई हो चुकी है अब जाति के नाम पर लडाई चल रही है। विस में 364 गांवों में 225 गांवों में जाटों का प्रभाव है। बीजेपी के जाट नेता कैलाश गहलोत पहले केजरीवाल के साथ थे। नई दिल्ली सीट से प्रवेश वर्मा बीजेपी के उम्मीदवार हैं, वे जाट समाज से हैं उन्हें मैदान में उतारा है। 8 प्रतिशत जाट मतदाता हैं। ये मतदाता 10 सीटों को प्रभावित करते हैं। केजरीवाल का कहना है कि जाटों की केन्द्र की ओबीसी लिस्ट में लाया जाना चाहिये। उन्होंने मोदी को पत्र लिखकर जाटों को ओबीसी में लेने की मांग की है। मोदी व शाह दोनों ही कई बार आश्वासन दे चुके हैं कि जाटों को ओबीसी में शामिल किया जावेगा। केजरीवाल का कथन है कि जब राजस्थान का जाट ओबीसी में आरक्षण का अधिकारी है तो दिल्ली में क्यों उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं मिले?

यह निर्विवाद है कि केन्द्र की ओबीसी की सूची में जाट नहीं हैं। बीजेपी ने केजरीवाल से पूछा है कि गत 10 वर्षों में उनकी सरकार रही है, फिर उन्होंने क्यों इस बाबत कदम नहीं उठाये। यों भी राज्य की केबिनेट के प्रस्ताव के बिना ओबीसी कमीशन भी कोई सुनवाई नहीं कर सकता है। यों भी दिल्ली के जाट सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछडे नहीं माने गये हैं। बीजेपी और 'आप' में एक एक सीट पर जोरों की लडाई है। अतः 8 प्रतिशत की आबादी वाले जाट मतदाताओं की भूमिका भी काफी महत्वपूर्ण हो जाती है।

मतदाताओं में पुरूष व स्त्री मतदाता हैं। बुजुर्ग मतदाता हैं। ब्राह्म्ण मतदाता हैं। पुजारी व ग्रन्थी मतदाता हैं। दलित मतदाता हैं और ऑटो चालक हैं। केजरीवाल, भाजपा व कांग्रेस सभी प्रमुख पर्टियां इन मतदाताओं को रिझाने में लगे हुये हैं।

महिला मतदाता 46 प्रतिशत है और पुरूष 54 प्रतिशत। अतः केजरीवाल से वादा किया है कि वे प्रत्येक महिला मतदाता को 2100/– रूपये प्रतिमाह देंगे। कांग्रेस व बीजेपी भी उपहार देने में व केश ग्रान्ट देने में पीछे नहीं हैं। 16 प्रतिशत बुजुर्ग मतदाता हैं। उनके लिये स्वास्थ्य की योजना है (संजीवनी योजना)। दलित 17 प्रतिशत मतदाता हैं, केजरीवाल की आप ने दलितों के बच्चों को विदेशों में पढ़ाई के हेतु भेजने का वायदा किया है।

ब्राह्म्ण मतदाता 10 प्रतिशत हैं, सिख मतदाता 3.5 प्रतिशत हैं। केजरीवाल ने पुजारियों व ग्रन्थियों को 18000/–रूपये प्रतिमाह देने का वायदा किया है। 4 प्रतिशत ऑटो चालक हैं उन्हें बीमा, लडकियों की शादी आदि की 5 सुविधायें केजरीवाल देंगे। बीजेपी के प्रवेश वर्मा पर आरोप हैं कि उनहोंने भेंट में वस्तुयें मतदाताओं को दी है। उनके विरूद्ध शिकायत चुनाव आयोग को की है। इसे आचार संहिता का उल्लंघन कहा गया है। एफआईआर भी रजिस्टर की गई है। आरोप मतदाताओं की फर्जी रजिस्ट्री का भी है। आरोप प्रत्यारोप राजनीतिक पार्टियां जोर–शोर व प्रदर्शन के साथ तथा पोस्टरों के माध्यम से करेंगे। गालीबाज सीएम बनाम आप–दा–ए आजम पोस्टर सब जगह देखने को मिलेंगे।

> **फ्रीबीज साफ-सुथरे चुनाव के लिये अभिश्राप है और लोकतंत्र के लिये खतरा। चुनाव के समय फ्रीबीज यानी रेवडी बांटना अपराध होना चाहिये। राज्य की धनराशि को ऐसे ही कैसे लुटाया जा सकता है? राज्य के खर्चे के हेतु बजट पारित किया जाता है, फिर कैसे राज्य का मंत्री, फ्रीबीज की राशि की पेमेन्ट की सेंग्शन दे सकता है। फ्रीबीज व उपहार अपराध होना चाहिये।**

सीलमपुर निर्वाचन क्षेत्र मुस्लिम प्रधान क्षेत्र है। यहां पानी की समस्या है। गलियां वहां की टूटी–फूटी हैं। सिवरेज से परेशानी है। बदरपुर की जनता की नेताओं के प्रति नाराजगी है। कालकाजी मतदाताओं की शिकायत है कि वहां का निवासी नशा खोरों के आतंक और गुंडागर्दी से परेशान है। गांधीनगर की पब्लिक की अपनी ही शिकायत। उनकी शिकायत है कि गत 10 वर्षों में कोई बडा काम नहीं हुआ है। पानी की शिकायत है। गांधीनगर की जनता ने कहा कि जनता फ्री बिजली के कारण मतदान नहीं करती। मतदान तो काम के आधार पर होता है। जमुना गंदी है।

पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि राजधानी दिल्ली के लोगों का झुकाव भारतीय जनता पार्टी की तरफ है लेकिन चुनाव जीतने के लिये पार्टी को और प्रयास करने होंगे।

बीजेपी 300 यूनिट बिजली व पानी मुफ्त देगी। लाड़ली बहिना योजना पर जोर। बीजेपी ने मंदिर व गुरूद्वारों को 500 यूनिट बिजली देने का वायदा किया है। पुजारियों व ग्रन्थियों को 2500/–रूपये देने का वायदा किया है।

सभी राजनीतिक पार्टियां रेवडी बांट रही हैं वायदा कर रही हैं। वायदों की भी भरमार है। कोई पार्टी यह बतलाने को तैयार नहीं है कि फ्रीबीज की यह धनराशि कहां से आयेगी। जनता का आरोप है ये पार्टियां देश को खोखला कर देंगी। चुनाव की तारीख तय होने से पहले भी वायदे किये थे और अब तारीख की घोषणा के बाद भी वायदे किये जा रहे हैं। सुभाष चन्द्र बोस ने कहा था, तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। किन्तु यहां तो यह घोषणा है कि तुम वोट दो और यदि मैं जीत गया तो तुम्हें उपहार दूंगा, नहीं जीतने पर मतदाता कुछ नहीं कर सकता। जीतने पर भी रकम नहीं दी तो भी मतदाता कुछ नहीं कर सकता।

फ्रीबीज पर सुप्रीम कोर्ट ने एक केस में सुनवाई के समय यह कहा कि सरकार के पास जजों का वेतन देने को तो धन नहीं है, और अदायगी का वादा हो रहा है। सर्वोच्च न्यायालय में एक रिट् याचिका लम्बित है, जिसमें फ्रीबीज की वैधानिकता पर विचार होगा।

पुराने व नये दण्ड संहिता में फ्रीबीज के बाबत कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है, जिसके द्वारा इसे अपराध घोषित किया हो। हां, जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 में 'रिश्वत' शब्द को धारा 123 में परिभाषित किया है। कोई उम्मीदवार उसका एजेन्ट उसकी सहमति से कोई अन्य व्यक्ति किसी व्यक्ति को वोट देने या न देने के लिये प्रभावित करने हेतु उपहार या वादा करे। इसे संक्षेप में चुनावी अपराध कहा जाता है और ऐसे कृत्य को अपराध माना है, इसका चुनाव के नतीजे पर विपरीत असर हो तो चुनाव ट्रिब्यूनल, चुनाव को निरस्त भी कर सकती है।

फ्रीबीज साफ–सुथरे चुनाव के लिये अभिश्राप है और लोकतंत्र के लिये खतरा। चुनाव के समय फ्रीबीज यानी रेवडी बांटना अपराध होना चाहिये। राज्य की धनराशि को ऐसे ही कैसे लुटाया जा सकता है? राज्य के खर्चे के हेतु बजट पारित किया जाता है, फिर कैसे राज्य का मंत्री, फ्रीबीज की राशि की पेमेन्ट की सेंग्शन दे सकता है। फ्रीबीज व उपहार अपराध होना चाहिये।

दिल्ली विधान सभा में कौन विजयी होगा, यह तो भविष्य ही बतायेगा, किन्तु इस चुनाव में सभी प्रकार की करप्ट प्रेक्टिस देखी जा सकती है। आरोप व प्रत्यारोप, भद्दी गाली गलोच पर आ गये हैं। भाषा पर कोई लगाम नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है दिल्ली विधान सभा का क्षेत्र मत खरीदने की मंडी बन गया है बोलियां लग रही हैं। इण्डिया गठबन्धन टूटने से, मायावती तथा समाजवादी पार्टी के चुनाव में आने से राजनीति में कई रंग आ गये हैं।

जैसे–जैसे विधान सभा के चुनाव में मतदान की तारीख पास आ रही है चुनाव में नये–नये तारे, रेवडियों की घोषणा और एक दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप के चार्ज सुनने को मिल रहे हैं। कांग्रेस बेरोजगार युवा–युवतियों को 8500/–रूपये प्रतिमाह, चुनाव जीतने पर देने का वायदा कर रही है। प्रश्न है क्या बेरोजगार भत्ता, महिला सम्मान राशि 2100/–रूपये पुजारियों को रूपये 1800/– का भत्ता आदि की रकम जनता के टैक्स के पैसे से दी जा सकती है और क्या सम्भव है दिल्ली में 71 लाख महिला मतदाता हैं, 94 लाख ऑटो चालक हैं। पुजारी, इमाम व ग्रन्थी आदि की संख्या भी कम नहीं है। 5.30 लाख बुजुर्ग हैं। कांग्रेस ने नारा दिया है 'जय बापू जय भीम और जय संविधान'। संविधान बचाने की बात सभी पार्टियों ने की है साथ ही संविधान की उपेक्षा भी की है। संविधान ने नीति निदेशक तत्वों को राज्यों के संचालन में लागू करने का निर्देशन था, किन्तु जो भी पार्टियां सत्ता में आई उन्होंने पालना नहीं की। संविधान के नीति निदेशक तत्व शराब बंदी की बात करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट संदेश दिया है कि चूंकि भारत एक कल्याणकारी राज्य है अतः कोई भी राज्य शराब की आय से देश के संचालन की राह नहीं अपना सकता; किन्तु आम आदमी पार्टी ने आय बढ़ाने के संकल्प से ही नई शराब नीति लागू की है। यों देखा जावे तो लगभग सभी राज्य गुजरात व बिहार को छोड़कर इसके दोषी हैं। नई शराब नीति के कारण राज्य को 2026 करोड रूपये का नुकसान हुआ है बीजेपी इसे शराब घोटाला कहती है। केजरीवाल जी पर मनी लॉन्ड्रिंग (PMLA) का केस चलेगा। शिक्षा आठवीं कक्षा तक बच्चों को निःशुल्क व अनिवार्य करने का प्रावधान मूल संविधन में था; किन्तु आज 5 वर्ष तक के बच्चों को शिक्षा का मूल अधिकार ही संविधान में कहीं खो गया है। चुनावों में एसटी, एससी के लिये आरक्षण 10 वर्ष का था और वह भी इस शर्त के साथ की यह प्रावधान 10 वर्ष के बाद स्वतः समाप्त हो जावेगा, किन्तु आज भी आरक्षण चला आ रहा है।

जनता फ्री व फेयर चुनाव चाहती है। जनता अपेक्षा करती है कि देश सच्चे अर्थों में लोकतंत्र हो और संविधान व उसके प्रियम्बल के अनुरूप इस महान देश का शासन हो।

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र पर मंडराता खतरा



**डॉ. वीरेन्द्र कुमार सैनी**

ओजोन परत की तरह ही पृथ्वी को चारों ओर से घेरे चुम्बकीय क्षेत्र भी हमारी पृथ्वी और फलते–फूलते जीवन के लिए एक बेमिसाल रक्षा कवच है। पृथ्वी के वातावरण में प्रदूषण बढने के कारण ओजोन की परत कमजोर पड़ रही है। ओजोन परत सूर्य की पराबैंगनी किरणों को धरती पर पहुंचने से रोकती है। 1997 में पहली बार पता चला कि अंटार्कटिका के उपर ओजोन परत में एक छोटा छेद हो गया है। इसके दस साल बाद एक दूसरी बुरी खबर आई है कि धरती का चुम्बकीय क्षेत्र भी खतरे में है। इसमें भी ओजोन परत की तरह छेद हो रहे है।

अंतरिक्ष से पृथ्वी की निगरानी कर रहे नासा के इमेजर फॉर मैग्नेटोपास–टू–ओरोरा ग्लोबल एक्सप्लोटेशन (इमेज) सेटेलाइट ने यह चौंकाने वाली खोज की है। जबकि यूरोपियन स्पेंस एजेंसी के सेटेलाइट क्लस्टर ने इस खतरे की पुष्टि कर दी है। पृथ्वी का अपना एक शक्तिशाली चुम्बकीय क्षेत्र है। जो पृथ्वी को चारों ओर से घेरे रहता है। सूर्य पृथ्वी के लिए जीवनदायी है। लेकिन जब यह रौद्र रुप धारण करता है तो इससे सौर विकिरण के भंयकर तूफान उत्पन्न होते है। ये तूफान लाखों किलोमीटर का रास्ता तय कर सौर मण्डल में आगे बढ़ता चला जाता है। बुध और शुक्र के बाद इसके रास्ते में पृथ्वी आती है।

पृथ्वी का चुम्बकीय क्षेत्र सौर विकिरण के तूफान को पृथ्वी से दूर धकेल देता है। जिससे हमारे को कोई हानि नहीं होती है। बुध और शुक्र पर सौर विकिरणों के तुफानों की लगातार मार ने वहां जीने लायक परिस्थितियां ही खत्म कर दी है। लेकिन हमारा शक्तिशाली चुम्बकीय क्षेत्र पृथ्वी का रक्षा कवच है जो प्राचीनकाल से धरती पर जीवन की सुरक्षा कर रहा है। पृथ्वी का चुम्बकीय क्षेत्र इसके केन्द्र से शुरु होता है। पृथ्वी का आन्तरिक केन्द्र बिल्कुल ठोस है लेकिन बाहरी भाग लोहे और निकिल जैसी पिघली धातुओं के लावा से बना है।

आन्तरिक और बाहरी परत में धातुओं के लावा का तापमान 7500 डिग्री केल्विन होता है। जो सूर्य के तापमान से भी अधिक होता है। सूर्य की तरह पृथ्वी का अन्तरतम कोर भी नाभिकीय फिशन रिएक्टर की तरह कार्य करता है। पृथ्वी की ठोस आन्तरिक कोर (जो चारों ओर लावे से घिरी होती है) को लगातार कंपन की उर्जा भी इसी से मिलती है। इस ठोस आन्तरिक कोर के कंपन घड.ी की सूई की दिशा और इसके विपरित दिशा में बारी –बारी से कंपन करती है। जिससे पृथ्वी का शक्तिशाली चुम्बकीय क्षेत्र उत्पन्न होता है जो सौर विकिरण के हानिकारक तूफानों को प्रतिकर्षण बल से दूर धकेल देता है। चुम्बकीय क्षेत्र की शक्तिशालीता कोर के घुमने की गति पर निर्भर करती है।

नासा और यूरोपियन अन्तरिक्ष एंजेसी ने खोज की है कि पृथ्वी के चुम्बकीय कवच में छिद्र हो रहे है। क्योंकि पृथ्वी के आन्तरिक कोर के घूमने की गति मन्द पड़ रही है। जिसके कारण चुम्बकीय क्षेत्र कमजोर पडने लगता है और इसमें जगह–जगह पर छेद होने लगते है। लगभग प्रत्येक तीन लाख वर्ष बाद पृथ्वी के कोर का कंपन करना बंद हो जाता है। जिसमें पृथ्वी का रक्षा कवच चुम्बकीय क्षेत्र धीरे–धीरे खत्म हो जाता है। पृथ्वी के चुम्बकीय क्षेत्र आने वाले खतरे की चेतावनी है। पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र काफी शक्तिशाली है और वह कंपास की सुई को उत्तर–दक्षिण दिशा में रखता है। यदि यह गायब हो जाए, तो कंपास सबसे नजदीकी चुंबकीय स्त्रोत की सीध में आ जाएगा। वैज्ञानिको ने इसका अवलोकन भी किया है।

पृथ्वी पर ऐसे स्थान है जहां चुंबकीय विसंगतियां पाई जाती हैं। उदाहरण के तौर पर मध्य अफ्रिकी गणराज्य में, पृथ्वी की उपरी सतह में चुंबकीय विविधताओं के कारण कंपास की सुई अलग–अलग दिशाओं में ठहरती है जिससे उस क्षेत्र में समुद्री यात्राओं में कंपास बेकार साबित होता है। यदि पुरे ग्रह का चुंबकीय क्षेत्र गायब हो जाता है तो हमारे पास ऐसे मनमानी दिशाओं में ठहरने वाले कंपास ही बचेंगे। केवल मनुष्य ही दिशाज्ञान के लिए पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र का उपयोग नहीं करते। कई पक्षी, समुद्री कच्छुए, लॉबस्टर, मधुमक्खियां, सैल्मन और यंहा तक कि फल मक्खियों के शरीर में जैविक कंपास होते हैं, जिन्हे 'मैग्नेटोरिसेप्शन' कहा जाता है। पक्षी इनका उपयोग सर्दियों के समय गर्म स्थानों की तलाश के लिए करते हैं, जबकि कच्छुए खुले समुद्र में इनका उपयोग करते हैं और अपने अंडे देने के लिए समुद्र तटों की तलाश करते है। यंहा तक कि अधिकतर मादा समुद्री कच्छुए हर साल एक समुद्र तट पर लौटती हैं। यदि पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र गायब हो जाता है तो कंपास की मदद से यात्राएं करने वाले जीव गंभीर संकट में पड़ सकते है।

इस रक्षा कवच चुम्बकीय क्षेत्र में छेद होने से सौर विकिरण और कास्मिक किरणें बिना अवरोध के सीधी पृथ्वी पर आएंगी। जिससे जो क्षेत्र इसके अभाव में आयेगा वहां पर कैंसर रोग तेजी से बढेगा। लंबे समय की अंतरिक्ष यात्रा के संदर्भ में कॉस्मिक किरणें वास्तविक चिंता का विषय है। मंगल ग्रह पर जाने वाले संभावित अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की तुलना में 1000 गुना तक अधिक कॉस्मिक किरणों का सामना करना पड़ सकता है। यदि पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र गायब हो गया तो पूरी मानव जाति और अन्य सभी जीवों को अंतरिक्ष यात्रियों के समान 1000 गुना अधिक विकिरण का सामना करना होगा। कॉस्मिक किरणें हमारे शरीर और हमारे डीएनए को भी नुकसान पहुंचा सकती हैं, जिससे दुनिया भर में कैंसर और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ जाएगा।

इसके अतिरिक्त संचार व्यवस्था भी अवरुद्ध होगी। घरेलू और सेटेलाइट संचार व्यवस्था ठप हो जायेगी। अंतरिक्ष में भ्रमण कर रहे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन और दूसरे सेटेलाइटस को नुकसान पहुंच सकता है तथा टेलिविजन ट्रांसमिशन बाधित हो जाएगा। पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र में नुकसान होने से पृथ्वी की ध्रुवीय ज्योति में भी बदलाव आ सकता है। इन्हे आम तौर पर उत्तर ध्रुवीय और दक्षिण ध्रुवीय प्रकाश कहा जाता है। आम तौर पर हमारे ग्रह का चुंबकीय क्षेत्र (मैग्रेटोस्फीयर) सूरज के आने वाले आवेशित कणों (सौर हवाओं) को परावर्तित कर देता है। लेकिन उत्तर और दक्षिण ध्रवों के आसपास मैग्रेटोस्फीयर अंदर की ओर धंसा होता है, जिससे सौर हवांए हमारे उपरी वायुमंडल के साथ खिलवाड़ कर पाती है। इसके परिणामस्वरुप शानदार, बहुरंगी पटिटयां उत्पन्न होती है। इसी को ध्रुवीय ज्योति कहा जाता है। पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र के अभाव में हमारा पूरा उपरी वातावरण सौर हवा के लिए खुल जाएगा जिससे ध्रुवीय ज्योति कुछ अलग ही तरह से प्रकट होगी। शायद शुक्र और मंगल ग्रह की ध्रुवीय ज्योति के समान। चूंकि इन दोनों ग्रहों के पास कोई उल्लेखनीय चुंबकीय क्षेत्र नहीं है, इसलिए वहां ध्रुवीय ज्योति कभी–कभी धुंधली और बेरंग होती है और रात के पूरे आकाश में बिखरी होती है। इस प्रकार हमारे चुंबकीय क्षेत्र के गायब होने से पृथ्वी के सबसे लुभावने प्राकृतिक नजारे निस्तेज हो सकते है। सौर गतिविधि के कारण पहले भी ऐसी समस्याएं हो चुकी है।

1989 में बड़े पैमाने पर सूरज की सतह से अत्यंत गर्म सौर हवा प्लाज्मा विस्फोट ने पृथ्वी के मैग्रेटोस्फीयर पर हमला किया था, तब कनाडा के क्यूबेक प्रांत में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप्प हो गयी थी। पूरे प्रातं का पावर ग्रिड 12 घंटे के लिए बंद रहा था और आसपास के क्षेत्रों को अपने अपने ग्रिड चालू रखने के लिए काफी मशक्कत करनी पडी थी। कुछ उपग्रहों को भी नुकसान हुआ था। उनके नाजुक इलेक्ट्रोनिक उपकरण एक विशाल सौर तूफान से निपटने के लिए डिजाइन नहीं किये गये थे। इस दौरान कई उपग्रह तो घंटों नियंत्रण से बाहर रहे।

इससे भी अधिक खतरनाक तो उस वायुमंडल का खत्म हो जाना है जिसमें हम सांस ले रहे है। सूरज की सौर हवाएं इतनी शक्तिशाली होती हैं कि यह एक ग्रह के वायुमंडल से गैसों को आसानी से चीरकर खत्म कर सकती है। ऐसी संभावना है कि ऐसा मंगल ग्रह पर हो चुका है। मंगल ग्रह पर भी पृथ्वी की तरह महासागर और घना वातावरण मौजूद था लेकिन इसका चुंबकीय क्षेत्र अरबों साल पहले गायब हो चूका था। जिसके बाद से यह वातावरण पूरी तरह से असुरक्षित हो गया और धीरे–धीरे यह पूरी तरह से खत्म हो गया। जब इसका वायुमंडलीय दबाव काफी कम हो गया, तो इसका पानी वाष्पीकृत होने लगा। यह संभव है कि भू–चुंबकीय क्षेत्र के बिना हमारे वायुमंडल हमारे महासागर और जीवन खतरे में होगें।

पृथ्वी के आन्तरिक अन्तरतम के परिभ्रमण की गति लगातार कम होती जा रही है। जिसके कारण पृथ्वी का चुम्बकीय क्षेत्र भी लगातार कमजोर होता जा रहा है। वह दिन दूर नहीं जब चुम्बकीय क्षेत्र पूरी तरह खत्म हो जायेगा। यह घटना कुछ दिनों में घट सकती है या कई वर्ष लग सकते है। लेकिन पृथ्वी का चुम्बकीय क्षेत्र समाप्त होगा तथा अगले सैकण्ड वह फिर से उप्पन्न हो जायेगा क्योकि द्रवीत धातुओं के मैग्मा से बना पृथ्वी का बाह्य अन्तरतम है। नाभिकीय भटटी की तरह कार्य करता है। इसमें अरबों छोटी–छोटी नाभिकीय अभिक्रियाएं शुरु होती हैं व कुछ समय बाद बंद हो जाती हैं और फिर एक झटके के साथ शुरु हो जाती है। ये अभिक्रियाएं आन्तरिक अन्तरतम को फिर घूमनें के लिए जरुरी झटका देंगी जिससे आन्तरिक अन्तरतम फिर से घूमना प्रारम्भ हो जाएगा तथा पृथ्वी की लुप्त चुम्बकीय क्षेत्र से लौट आएगा लेकिन इस नए चुम्बकीय क्षेत्र के ध्रुव बदल सकते है।

**–डॉ. वीरेन्द्र कुमार सैनी,**
**प्राचार्य, महात्मा गांधी पी.जी. कॉलेज, श्रीमाधोपुर।( जिला-नीम का थाना ), राजस्थान**

# सड़क पर जमा गंदे पानी से परेशान ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी उपखंड के लोयल में चिड़ासन की ओर जाने वाली सड़क पर जमा गंदा पानी ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन रहा हैं। समस्या से परेशान होकर गुरूवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर पंचायत से समस्या का जल्द समाधान करने की मांग की है।

समस्या को लेकर विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि लोयल से चिड़ासन जाने वाली सड़क पर पानी एकत्रित होने से बड़े–बड़े गड्ढे हो रहे हैं, जिनमें बरसात का पानी इकट्ठा हो जाता है। मुख्य रास्ते में पानी जमा होने से आमजन को बहुत परेशानी होती है। वहीं दुपहिया वाहन एवं पैदल आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पानी जमा होने व सड़क में गड्ढे दिखाई नहीं देने के कारण कई बार दो पहिया वाहन एव राहगीर पानी में गिर भी जाते हैं, जिससे उनको गंभीर चोटें आती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में ग्राम पंचायत को बार–बार अवगत करा दिया गया है, लेकिन कोई समाधान नहीं होता है। ग्राम पंचायत वहां मिट्टी डाल देती है, जिससे और ज्यादा कीचड़ हो जाता है और दलदल की स्थिति हो जाती है। बरसात के समय में तो इस रास्ते की हालत ऐसी हो जाती है कि दो पहिया वाहन एवं पैदल आने जाने वाले लोगों को रास्ता बदलकर ही आना पड़ता है।



सड़क पर जमा गंदे पानी से परेशान ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर समस्या समाधान की मांग की।

> **लोयल में चिड़ासन की ओर जाने वाली सड़क पर जमा गंदा पानी ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है**

ग्रामीणों ने मांग की है कि समस्या का जल्द से जल्द समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोड की मरम्मत के लिए सरकार को बजट आवंटित करना चाहिए और ग्राम पंचायत को इस समस्या का समाधान करने के लिए कार्रवाई करनी चाहिए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीणों की ओर से सड़क पर जाम लगाकर आंदोलन किया जाएगा।

इस मौके पर कर्मवीर, घड़सीराम मेघवाल, कपिल सिंघानिया, कुलदीप सिंह, अनिल कुमार, धोनी, अभिषेक, शाहिद, राजपाल, विक्रम, सतपाल, राजेश, मनीष, विजेंद्र, अशोक कुमार, अमित कुमार, विजेश, सुरेंद्र, राहुल, विकास सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# आयोग ने विभिन्न विषयों की मॉडल उत्तर कुंजी जारी की

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा–2024 के तहत जीके एंड एजुकेशन साइकोलॉजी, सोशल साइंस, हिंदी, साइंस, मैथेमेटिक्स, संस्कृत एवं इंग्लिश विषय की मॉडल उत्तर कुंजियां आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। इन मॉडल उत्तर कुंजियों पर किसी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ 18 जनवरी से 20 जनवरी 2025 को रात्रि बारह बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है।

आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि आपत्तियां आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्र के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करनी होंगी। उक्त परीक्षा के मॉडल प्रश्न–पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आपत्ति प्रामाणिक (स्टैंडर्ड, ऑथेंटिक) पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाइन ही प्रविष्ट करें। वांछित प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। उक्त परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त यदि कोई अन्य व्यक्ति आपत्ति दर्ज करवाते हैं, तो उन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

> **वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024**

आयोग द्वारा प्रत्येक प्रश्न हेतु आपत्ति शुल्क 100 रूपए (सेवा शुल्क अतिरिक्त) निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर उक्त परीक्षा के लिए उपलब्ध लिंक (क्वेश्चन आब्जेक्शन) पर क्लिक कर प्रश्नों पर आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। प्रति प्रश्न आपत्ति शुल्क रू 100 रूपए (सेवा शुल्क अतिरिक्त) के हिसाब से कुल आपत्ति शुल्क ई–मित्र कियोस्क अथवा पोर्टल पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे से भुगतान कर आपत्तियों को स्थाई रूप से दर्ज कराया जा सकेगा।

## राशिफल शुक्रवार 17 जनवरी, 2025



**पंडित अनिल शर्मा**

माघ मास, कृष्ण पक्ष, चतुरथी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, मघा नक्षत्र दिन 12:45 तक, सौभाग्य योग रात्रि 12:57 तक, बव करण सायं 4:49 तक, चन्द्रमा आज सिंह राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मकर, चन्द्रमा–सिंह, मंगल–कर्क, बुध–धनु, गुरू–वृष, शुक्र–कुम्भ, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 12:45 से सूर्योदय तक है। आज संकष्ट चतुरथी और तिकुटा चौथ व्रत है। चन्द्रोदय जयपुर में रात्रि 9:18 पर होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 8:40 तक, लाभ–अमृत 8:40 से 11:16 तक, शुभ 12:37 से 1:56 तक, चर 4:33 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 7:21, सूर्यास्त 5:52

### मेष




परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आपसी ईर्ष्या–वैमनस्यता के कारण परेशानी हो सकती है। परिवार में वाद–विवाद बढ़ सकते हैं।

### वृष




घर–परिवार में सुख–शांति रहेगी। सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों का आगमन रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति

### मिथुन




व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### कर्क




आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण बढ़ेगा।

### सिंह




नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कन्या




आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय रहेगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। आज समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। घर–परिवार के कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है।

### तुला




आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

### वृश्चिक




व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

### धनु




व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

### मकर




चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। परिवार में वाद–विवाद बढ़ सकते हैं। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।

### कुंभ



व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन



विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। स्वास्थ्य में सुधार होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

# बड़े आयोजनों की मेज़बानी करेगा विश्वस्तरीय सुविधाओं वाला राजस्थान मंडपम

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने कन्वैंशन सैन्टर, एग्ज़ीबिशन सैन्टर, मीटिंग हॉल एवं आगंतुक पार्किंग पर दिशा-निर्देश दिए



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में प्रस्तावित राजस्थान मंडपम एवं यूनिटी मॉल की कार्ययोजना के संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय में उच्चस्तरीय बैठक ली तथा राजस्थान मंडपम बनाए जाने वाले कन्वेंशन सेन्टर, एक्ज़ीबिशन सेन्टर, मीटिंग हॉल एवं आगन्तुकों की पार्किंग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

- **मंडपम के साथ बन रहा यूनिटी मॉल, जीआई प्रोडक्ट, हस्तशिल्प उत्पाद व स्थानीय उत्पादों के प्रमोशन व विक्रय के लिये वन स्टॉप के रूप में कार्य करेगा।**
- **राजस्थान मंडपम व यूनिटी मॉल के प्रस्तुतिकरण को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, मुख्यमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता तथा रीको के वरिष्ठ अधिकारियों ने देखा।**

जयपुर, 16 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान मंडपम विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त और अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय होगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान मंडपम में आवश्यक व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं की पुख्ता कार्ययोजना बनाई जाए, ताकि यहां पर बड़े आयोजन सुगमता से हो सकें। शर्मा गुरूवार को जयपुर में प्रस्तावित राजस्थान मण्डपम एवं यूनिटी मॉल की कार्ययोजना के संबंध में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राजस्थान मंडपम स्थानीय कला, संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ, सांस्कृतिक और व्यावसायिक आयोजनों के लिए प्रमुख आकर्षण के रूप में उभरेगा। देश एवं विदेशों के बेहतरीन कन्वैंशन सैन्टर्स का परीक्षण कर राजस्थान मंडपम में विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उन्होंने यहां विकसित होने वाले कन्वैंशन सैन्टर, एग्ज़िबिशन सेन्टर, मीटिंग हॉल एवं आगन्तुकों की पार्किंग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर में 'मेक इन इंडिया' तथा 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' के तहत, स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए यूनिटी मॉल का भी निर्माण किया जाएगा। यह मॉल जीआई प्रोडक्ट, हस्तशिल्प उत्पाद एवं अन्य स्थानीय उत्पादों के प्रमोशन एवं विक्रय के लिए वन स्टॉप मार्केट प्लेस के रूप में कार्य करेगा। इसमें दुकानकारों की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुये, सभी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही, यहां कॉमन ट्रेनिंग सेन्टर, ओपन थिएटर, बिज़नेस मीटिंग हॉल एवं सेमीनार हॉल आदि सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

बैठक में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से राजस्थान मंडपम एवं यूनिटी मॉल की प्रस्तावित कार्ययोजना के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। इस दौरान, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़, मुख्यमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल एवं प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता, रीको के वरिष्ठ अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री भाया के आवास के बाहर प्रदर्शन के प्रकरण में केस डायरी तलब

जयपुर, 16 जनवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया के निजी आवास के बाहर प्रदर्शन और भीड़ को उग्र करने के मामले में नरेश मीणा के खिलाफ बारां जिले में दर्ज एफआईआर से जुड़ी केस डायरी 20 जनवरी को अदालत में पेश करने को कहा है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश नरेश मीणा की अग्रिम जमानत याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि घटना को लेकर किसी भी व्यक्ति के कोई चोट नहीं आई है। पुलिस ने सिर्फ अंदेशा होने के आधार पर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं पूर्व में प्रकरण में आरोपी बनाए गए अन्य लोगों को जमानत मिल चुकी है। याचिका में कहा गया कि उसके खिलाफ राजनीतिक द्वेष की भावना से कार्रवाई की जा रही है और उसे अंदेशा है कि इस एफआईआर में उसे गिरफ्तार किया जाएगा। इसलिए उसे अग्रिम जमानत का लाभ दिया जाए। वहीं राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि मामले में मनोज शर्मा को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया गया है। ऐसे में वे राज्य सरकार का पक्ष रखेंगे। इस पर अदालत ने मामले की केस डायरी तलब करते हुए मामले की सुनवाई 20 जनवरी को तय की है। याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि सितंबर, 2023 में नरेश मीणा ने अन्य लोगों के साथ तत्कालीन मंत्री प्रमोद जैन भाया के आवास के बाहर धरना दिया था। वहीं बाद में बारां के स्थानीय थाना पुलिस ने घटना को लेकर मामला दर्ज किया था। नरेश मीणा पर आरोप लगाया गया कि उसने भीड़ को उकसा कर तत्कालीन मंत्री के घर का घेराव किया।

- **कोर्ट ने यह आदेश आरोपी नरेश मीणा की अग्रिम जमानत की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। नरेश मीणा पर आरोप है कि उसने भीड़ को उकसाकर प्रमोद जैन भाया के घर का घेराव करवाया था।**

# रात ढाई बजे सैफ अली खान पर उनके घर में जानलेवा हमला

## हमलावर लूट के इरादे से उनके घर में घुसा और एक करोड़ रु. मांगे



सैफ अली खान

मुंबई, 16 जनवरी। बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर हमला करने वाले संदिग्ध शख्स की पहली तस्वीर सामने आई है। वह रात ढ ाई बजे छठी फ्लोर पर नीचे उतरता दिखा।

मुंबई पुलिस के गेदाम दीक्षित ने बताया कि हमलावर सीढ़ि यों से अपार्टमेंट में दाखिल हुआ और हमले के बाद सीढ़ि यों से ही भागा।

एक्टर पर उनके घर में घुसकर चाकू से हमला किया गया। घटना मुंबई के खार स्थित गुरु शरण अपार्टमेंट के 12वें फ्लोर पर बुधवार देर रात करीब 2.30 बजे हुई।

हमले में एक्टर को गले, पीठ, हाथ और सिर सहित 6 जगह चाकू लगा। घायल सैफ को रात में ही लीलावती हॉस्पिटल ले जाया गया।

लीलावती अस्पताल के डॉ. नीरज उत्तमानी ने बताया कि सैफ की रीढ़ की हड्डी में चाकू का टुकड़ा फंसा था और फ्लूड भी लीक हो रहा था। सर्जरी करके इसे निकाला गया है।

एक्टर के बाएं हाथ पर दो गहरे घाव थे और गर्दन पर भी गहरी चोट थी। इनकी प्लास्टिक सर्जरी की गई है। अब उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

ये घटना सैफ-करीना के बच्चों, तैमूर-जेह के कमरे की है। कमरे में उनकी हाउसकीपर अरियामा फिलिप उर्फ लीमा मौजूद थी, जिसे एक अज्ञात शख्स ने पकड़ लिया। उसकी चीखने की आवाज सुनकर सैफ बच्चों के कमरे में पहुंचे। सैफ को देखते ही अज्ञात शख्स ने उन पर हमला करना शुरू कर दिया। घायल हाउसकीपर को भी लीलावती अस्पताल ले जाया गया है।

इस बीच दूसरी मेड भी आ गई। हमलावर ने बच्चों की देखभाल करने वाली मेड (नैनी) से एक करोड़ रुपए की डिमांड की। इस दौरान सैफ अली खान भी वहां पहुंचे और अज्ञात आरोपी और सैफ के बीच हाथापाई हुई।

मेड ने अपने बयान में बताया कि हमले के वक्त घर में 3 महिला और 3 पुरुष नौकर थे। इब्राहिम और सारा अली खान भी उसी बिल्डिंग में आठवीं मंजिल पर ही रहते हैं। वे ऊपर आए और सैफ अली खान को लेकर ऑटो में अस्पताल गए। घर पर कोई भी ड्राइवर मौजूद नहीं था। ऑटोमेटिक इलेक्ट्रिक वाहन किसी को चलाना नहीं आता था, इसलिए सैफ को लेकर ऑटो से लीलावती अस्पताल पहुंचे। बांद्रा पुलिस स्टेशन ने हमलावरों की तलाश के लिए 10 टीमें बनाई हैं। क्राइम ब्रांच ने भी केस के इन्वेस्टिगेशन के लिए 8 टीमें गठित कर दी हैं। क्राइम ब्रांच जांच के लिए सैफ के घर भी पहुंच चुकी है।

- **विरोध करने पर अज्ञात हमलावर ने सैफ पर चाकू से हमला कर दिया। सैफ के गले, पीठ, हाथ व सिर पर चाकू के 6 घाव लगे हैं, जिनमें से दो बेहद गंभीर बताए जा रहे हैं।**
- **खार के गुरुशरण अपार्टमेंट में सैफ के फ्लैट में हमलावर सीढ़ियों से दाखिल हुआ और उसी रास्ते भागा।**
- **उसी बिल्डिंग में रह रहे इब्राहिम व सारा अली खान घायल सैफ को ऑटो से लीलावती अस्पताल ले गये। कोई ड्राइवर मौजूद नहीं था तथा ऑटोमैटिक इलेक्ट्रिक वाहन किसी को चलाना नहीं आता था।**

पुलिस ने बताया कि सैफ के घर से 3 हाउसमेड को पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन ले जाया गया। हाउस मेड ने पुलिस को बताया कि उसे बाथरूम के पास अचानक कोई परछाई नज़र आई उसे लगा कि करीना शायद अपने छोटे बेटे को देखने आयी होंगी, लेकिन उन्हें बाद में शक हुआ तो वह आगे गई। अचानक एक व्यक्ति ने महिला के ऊपर हमला कर दिया और धारदार हथियार दिखाते हुए चुप रहने के लिए कहा।

## सहारा क्रेडिट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दिया। प्रार्थिया ने अवमानना प्रार्थना पत्र में कहा कि उसने 2016 में विपक्षी सोसायटी में 50 हजार रुपए जमा कराए थे। इस राशि की परिवक्वता अवधि पर उसे विपक्षी द्वारा 2021 में एक लाख रुपए दिए जाने थे। लेकिन उसने यह राशि नहीं दी। यह मामला उपभोक्ता आयोग में जाने पर प्रार्थिया के पक्ष में 19 जुलाई 2022 को आदेश हुआ। लेकिन विपक्षी सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी ने आदेश का पालन नहीं किया। जिस पर प्रार्थिया ने आदेश की पालना करवाने के लिए आयोग में अवमानना प्रार्थना पत्र दायर किया।

## दिल्ली वालों ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वैष्णव ने कहा कि 8 वाँ वेतन आयोग गठित करने का निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिया गया है। वैष्णव ने कहा कि सातवां वेतन आयोग 2016 में गठित हुआ था और 2026 में कार्यकाल खत्म हो रहा है। उन्होंने बताया आयोग के गठन की प्रक्रिया एक साल पहले शुरु करने से सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों पर विचार करने का पर्याप्त समय मिल जाएगा।

# स्पेस डॉकिंग क्षमता हासिल...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पैडेक्स) लॉन्च किया था। मिशन की कामयाबी भारतीय अंतरिक्ष केन्द्र की स्थापना और चंद्रयान-4 जैसे मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए अहम साबित होगी। मिशन निदेशक एम जयकुमार ने बताया था कि 44.5 मीटर लंबा पीएसएलवी-सी60 रॉकेट दो अंतरिक्ष यान चेज़र (एसडीएक्स01) और टारगेट (एसडीएक्स02) लेकर गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि "इसरो के हमारे वैज्ञानिकों और पूरे अंतरिक्ष समुदाय को उपग्रहों की अंतरिक्ष डॉकिंग के सफल प्रदर्शन के लिए बधाई। यह आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।"

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने ट्वीट किया, इसरो को बधाई। आखिरकार आपने कर दिखाया। स्पेडेक्स ने अविश्वसनीय...डॉकिंग पूरी कर ली है और यह पूरी तरह स्वदेशी भारतीय डॉकिंग सिस्टम है। इससे भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और चंद्रयान 4 और गगनयान सहित भविष्य के महत्वाकांक्षी मिशनों के सुचारू संचालन का मार्ग प्रशस्त होता है।

इसरो के अनुसार, जब अंतरिक्ष में कई ऑब्जेक्ट होते हैं और जिन्हें किसी खास उद्देश्य के लिए एक साथ लाने की जरूरत होती है तो डॉकिंग की आवश्यकता होती है। डॉकिंग वह प्रक्रिया है जिसके मदद से दो अंतरिक्ष ऑब्जेक्ट एक साथ आते हैं और जुड़ते हैं। यह विभिन्न तरीकों का उपयोग करके किया जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष अंतरिक्ष स्टेशन पर चालक दल के मॉड्यूल स्टेशन पर डॉक करते हैं, दबाव को बराबर करते हैं और लोगों को स्थानांतरित करते हैं।

जब दोनों यान तेज रफ्तार से पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे होंगे तो चेज़र टारगैट का पीछा करेगा और दोनों तेजी से एक दूसरे के साथ डॉक करेंगे। अंतरिक्ष में "डॉकिंग" प्रौद्योगिकी की जरूरत होती है जब साझा मिशन उद्देश्यों को हासिल करने के लिए कई रॉकेट प्रक्षेपित किए जाते हैं। वांछित कक्षा में प्रक्षेपित होने के बाद दोनों अंतरिक्ष यान 24 घंटे में करीब 20 किलोमीटर दूर हो जाएंगे। इसके बाद वैज्ञानिक डॉकिंग प्रक्रिया शुरू करेंगे। ऑनबोर्ड प्रोपल्शन का उपयोग करते हुए टारगेट धीरे-धीरे 10-20 किमी का इंटर सैटेलाइट सैपरेशन बनाएगा। इसे सुदूर मिलन चरण के रूप में जाना जाता है। चेज़र फिर विभिन्न चरणों में टारगैट के पास पहुंचेगा। इससे जहां डॉकिंग होगी वहां दूरी धीरे-धीरे 5 किमी, 1.5 किमी, 500 मीटर, 225 मीटर, 15 मीटर और अंत में 3 मीटर तक कम हो जाएगी, डॉक के बाद मिशन पेलोड संचालन के लिए उन्हें अनडॉक करने से पहले अंतरिक्ष यान के बीच पावर ट्रांसफर का प्रदर्शन करेगा।

भारत की योजना 2035 में अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की है और मिशन की सफलता इसके लिए अहम है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन में पांच मॉड्यूल होंगे जिन्हें अंतरिक्ष में एक साथ लाया जाएगा। इनमें पहला मॉड्यूल 2028 में लॉन्च किया जाना है।

यह मिशन चंद्रयान-4 जैसे मानव अंतरिक्ष उड़ानों के लिए भी अहम है, यह प्रयोग उपग्रह की मरम्मत, ईंधन भरने, मलबे को हटाने और अन्य के लिए आधार तैयार करेगा।

यह तकनीक उन मिशनों के लिए अहम है, जिनमें भारी अंतरिक्ष यान और उपकरण की जरूरत होती है, जिन्हें एक बार में लॉन्च नहीं किया जा सकता।

## अमेरिका की "शेयर रिसर्च कम्पनी" हिंडनबर्ग ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

शुरु हुई और इण्डियन सिक्यूरिटीज़ एण्ड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इण्डिया (सेबी) ने भी जांच शुरु की थी।

अडानी शेयरों के अलावा, इस रिसर्च फर्म ने कई अन्य कंपनियों पर भी रिपोर्ट जारी की थीं। यू.एस. सिक्यूरिटीज़ ओवरसाइट समिति, सिक्यूरिटीज़ एण्ड एक्सचेंज कमिशन (एस.ई.सी.) ने भी इस फर्म की गतिविधियों तथा अपनी रिपोर्टों द्वारा बाज़ार जोड़-तोड़ करने की जांच शुरु की थी।

संभवतया इन सभी जांचों के और नए खुलासों की उम्मीदों के दबाव में फर्म ने काम बंद करने का निर्णय लिया हो। हिंडनबर्ग जॉर्ज सोरॉस से लिंक की भी जांच हो रही है।

हिंडनबर्ग के बंद होने की खबर आने पर अडानी ग्रुप के स्टाफ व निवेशकों में भारी उत्साह देखा गया। कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा इसका अर्थ यह नहीं है कि अडानी ग्रुप को क्लीन चिट मिल गई है।

## दिल्ली : भाजपा ने 9 नाम और घोषित किये

नयी दिल्ली, 16 जनवरी। भाजपा ने गुरुवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिये नौ उम्मीदवारों की अपनी चौथी सूची जारी कर दी। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी सूची के अनुसार, त्रिलोकपुरी, गोकुलपुर और बवाना सुरक्षित सीटों से क्रमशः रविकांत उज्जैन, प्रवीण निमेष और रवींद्र कुमार (इंद्रराज) को उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने वजीरपुर से पूनम शर्मा, दिल्ली कैंट से भुवन तंवर, संगम विहार से चंदन कुमार चौधरी, ग्रेटर कैलाश से शिखा राय, शाहदरा से संजय गोयल और बाबरपुर से अनिल बिष्ट को प्रत्याशी घोषित किया है।

## कांग्रेस ने दिल्ली चुनाव के लिये दो गारन्टियों की घोषणा की

नयी दिल्ली, 16 जनवरी। कांग्रेस ने गुरुवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर दो गारंटियों की घोषणा की, जिनमें पहली गारंटी 'मुफ्त बिजली योजना' और दूसरी गारंटी 'महंगाई मुक्ति योजना' है। कांग्रेस ने मुफ्त बिजली योजना के तहत दिल्लीवासियों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त में देने का वादा किया है। वहीं, महंगाई मुक्ति योजना के तहत 500 रुपये में गैस सिलेंडर और राशन किट मुफ्त, जिसमें पांच किलोग्राम चावल, दो किलोग्राम चीनी, एक लीटर तेल, छह किलोग्राम दाल और 250 ग्राम चाय पत्ती मुफ्त में देने का वादा किया है। इन दोनों योजनाओं की घोषणा दिल्ली प्रदेश कांग्रेस समिति के कार्यालय राजीव भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवन्त रेड्डी ने की। इस मौके पर दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, दिल्ली कांग्रेस के प्रभारी काज़ी निजामुद्दीन, तेलंगाना के मंत्री पी. श्रीनिवास रेड्डी, तेलंगाना से सांसद मल्लू रवि और रघुवीर रेड्डी मौजूद थे। उन्होंने कहा, कांग्रेस जो वादे करती है, उसे पूरा करती है। मैं दिल्ली की जनता को भरोसा दिलाता हूं कि दिल्ली में पांच फरवरी को कांग्रेस को वोट देकर चुने, कांग्रेस दिल्ली की जनता की जरुरतों को पूरा करेगी।


## 'प्लेसेज़ ऑफ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

किया जाये।"

राजनैतिक दलों, जिनमें आरजेडी, एआईएमआईएम तथा जमीयत उलेमा-ए-हिंद भी शामिल हैं, ने अलग-अलग याचिकाओं में सर्वोच्च न्यायालय से अनुरोध किया है कि वह इस अधिनियम के प्रावधानों का समर्थन करे, ताकि साम्प्रदायिक तनाव रुक जायें तथा संविधान का धर्मनिरपेक्ष ताना-बाना सुरक्षित रहे।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बैंच इन सभी याचिकाओं की सामूहिक सुनवाई 17 फरवरी को करेगी।



# कर्नाटक कांग्रेस में फिर से नेतृत्व परिवर्तन...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नहीं, राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर कर्नाटक की राज्य पार्टी इकाई में नेतृत्व परिवर्तन के संकेत देते रहते हैं। ज्ञातव्य है कि इस समय पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार हैं। परमेश्वर ने गुरुवार को बेंगलुरु में पत्रकारों को बताया कि डीकेएस दो पद- उपमुख्यमंत्री तथा केपीसीसी अध्यक्ष- संभाले हुये हैं तथा इस स्थिति में, उनसे एक ही जिम्मेदारी संभालने की अपेक्षा की जायेगी।

अपना स्वयं का अनुभव बताते हुये उन्होंने कहा कि जब वे केपीसीसी अध्यक्ष थे, उन्होंने अपना मंत्री पद छोड़ दिया था, ताकि पूरा ध्यान पार्टी संचालन की जिम्मेदारी पर दे सकें। उन्होंने कहा, "इस संबंध में निर्णय लेने का काम हाईकमान का है, लेकिन दोनों भूमिकाओं का निर्वहन करने से व्यक्ति पर दबाव तो रहता ही हैं। इस बीच, कांग्रेस के लिये गेम-चेन्जर माने जाने वाले डी.के. शिवकुमार ने गृह मंत्री के इस अप्रत्यक्ष हमले को सहज रूप में नहीं लिया। पार्टी या सरकार में प्राप्त पद में से किसी एक पद से उन्हें हटाये जाने की माँग को खारिज करते हुये, शिवकुमार ने दोहराया कि ये दोनों पद न तो मीडिया की देन हैं और न बाज़ार से खरीदे गये हैं।

ये काम और योगदान से अर्जित किये गये हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति मीडिया के माध्यम से पदों की माँग नहीं कर सकता। जाहिर है कि शिवकुमार का संकेत स्थानीय मीडिया में दिये गये गृह मंत्री के बयानों की ओर था।

उन्होंने पार्टी हल्कों में चल रही उन चर्चाओं और बहसों पर भी कटाक्ष किया, जिनमें से कुछ स्थानीय मीडिया में जगह पा रही हैं। डी.के. शिवकुमार ने कहा कि केन्द्रीय पार्टी नेतृत्व इन सब मुद्दों पर निर्णय लेगा और यह निर्णय व्यक्ति की मैरिट और उसके योगदान के आधार पर लिया जायेगा, "सार्वजनिक रूप से दिये जा रहे बयानों" के आधार पर नहीं।

कर्नाटक कांग्रेस में जहाँ नेतृत्व की रस्साकशी चल रही है, वहीं जातीय जनगणना की रिपोर्ट भी चर्चाओं का केन्द्र बनी हुई है।

मंत्रिमंडल में चर्चा होने के बाद, यह रिपोर्ट जनता के समक्ष कब आयेगी तथा आयेगी भी या नहीं। परमेश्वर ने आशा जताई कि यह रिपोर्ट यथाशीघ्र सार्वजनिक की जायेगी।

इस बीच, राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तथा उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने पार्टी नेताओं से अनुरोध किया है कि वे पार्टी अनुशासन का पालन करें तथा पार्टी के अंदरूनी मामलों को सार्वजनिक करने से बचें, क्योंकि ऐसा करने से पार्टी और उसकी छवि को नुकसान होता है।

शिवकुमार ने कहा, "यह पार्टी केवल शिवकुमार के कारण ही सत्ता में नहीं आई। यह मेहनत और उस विश्वास का परिणाम है, जो कार्यकर्ताओं और मतदाताओं ने हमारे प्रति व्यक्त किया था। हमें इस भरोसे को सुरक्षित एवं संरक्षित रखना होगा। कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं की पार्टी है तथा इसका एक लम्बा और गौरवपूर्ण इतिहास है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन पद पर रहता है और कौन छोड़ता है, पार्टी में स्वयं को कायम रखने की ताकत है।" उन्होंने कहा कि पार्टी नेताओं को अपनी शिकायतें एवं परेशानियाँ जनता के सामने रखने से बचना चाहिये।

पिछले कुछ समय से एक पूर्णकालिक केपीसीसी अध्यक्ष की माँग हो रही है। इस विषय में पूछे जाने पर शिवकुमार ने कहा, "इस मामले का स्पष्टीकरण देना मेरा काम नहीं है। यह काम एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का है। इस बिन्दु से संबंधित प्रश्न उनके पास जाने चाहिये।"

राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908

# भांकरोटा जैसे हादसे से दहला कोटपूतली, पुलिस की सतर्कता से बड़ा हादसा टला

## दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ग्राम पनियाला के पास बेंजिल केमिकल से भरा टैंकर पलट गया था



टैंकर में लगी आग दूर तक दिखाई दी।



घर्षण से लगी आग से टैंकर जलकर राख हो गया।

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित निकटवर्ती ग्राम पनियाला के पास बालाजी विहार कॉलोनी के सामने गत मध्य रात्रि करीब 2.30 बजे एक केमिकल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। टैंकर को क्रेन की सहायता से सीधा करते वक्त टैंकर में घर्षण की वजह से आग लग गई, जिससे टैंकर जलकर राख हो गया, जबकि दो क्रेन भी आग की चपेट में आ गई। क्रेन में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग ने टैंकर को पूरी तरह से जलाकर स्वाहा कर दिया।

जानकारी के अनुसार दिल्ली से जयपुर जा रहा टैंकर नाले में पलट गया, जिससे उसके ढक्कन से केमिकल का रिसाव शुरू हो गया। टैंकर को सीधा करने के लिये क्रेन बुलाई गई, लेकिन इसी दौरान टैंकर की जलती पार्किंग लाईट से शॉर्ट सर्किट हो गई और भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि टैंकर के साथ-साथ क्रेन भी जलकर खाक हो गई। हालांकि दूर खड़ी दूसरी क्रेन बच गई। इस दौरान पुलिस की सर्तकता भी खास रही। पुलिस द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर घटनास्थल से 500 मीटर की दूरी तक यातायात रोक दिया गया। बहरोड़ सदर, बहरोड़ शहर और

- **दिल्ली से जयपुर आ रहा टैंकर नाले में पलट गया, जिससे ढक्कन से केमिकल का रिसाव शुरू हो गया**

कोटपूतली में तत्काल प्रभाव से ट्रैफिक को रोका गया। कोटपूतली एएसपी, डीएसपी, सरुण्ड थाना अधिकारी और हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। बहरोड़ में बाबा भास्करानंद मंदिर के पास दिल्ली-जयपुर मार्ग पर वाहनों को रोका गया, जिससे करीब पांच किलोमीटर लंबा जाम लग गया। आग बुझने के बाद एक लेन में यातायात शुरू किया गया। हाईवे पर हुये भांकरोटा जैसे उक्त बड़े हादसे से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव भी फूल गये।

सूचना पर पहुंची पनियाला थाना पुलिस ने ऐहतियात के तौर पर ट्रैफिक को रुकवाया और दमकल की सहायता से आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि बेंजीन केमिकल से भरा टैंकर दिल्ली से जयपुर की ओर जा रहा था। ग्राम पनियाला के पास पहुंचने पर टैंकर चालक को नींद की झपकी आने पर टैंकर अनियंत्रित हो गया एवं हाईवे के किनारे बने नाले पर जा गिरा। इस दौरान टैंकर चालक ने नीचे कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्रेन की सहायता से टैंकर को सीधा करने का प्रयास किया, लेकिन स्पार्किंग की वजह से टैंकर ने आग पकड़ ली। आग की भयावता इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में आग ने टैंकर व क्रेन को अपनी चपेट में ले लिया। आग से टैंकर धूं-धूं कर जल उठा। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास रिहायशी मकानों में सो रहे लोगों को जगाकर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिये बोला गया। वहीं घटना स्थल के आसपास एम्बुलेंस भी तैनात कर दी गई। मौके पर बहरोड़, नीमराना, केशवाना व कोटपूतली से पहुंची आधा दर्जन से अधिक दमकलों की सहायता से करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पानी डालकर काबू पाया गया। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है और ट्रैफिक सुचारू कर दिया गया है। गनीमत यह रही कि टैंकर में सवार ड्राईवर और उसके साथी ने समय रहते वहां से भागकर अपनी जान बचा ली और कोई जनहानि नहीं हुई।

# कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



मृतक सांवरमल।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भीलवाड़ा जिला कारागृह में गुरुवार को एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में विचाराधीन कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जेल प्रशासन द्वारा शव को एमजी अस्पताल ले जाया गया, जहां शव को पुलिस ने मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया है। जेल प्रशासन ने बिजली चेक करते समय बंदी की गिरने से मौत होने की बात कही है, जबकि उसके परिजनों ने मामला संदिग्ध बताते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार को सांवरमल (30) पिता प्रह्लाद ओझा वर्ष 2023 से एक्ट के मामले में भीलवाड़ा जिला कारागृह में बंद है। जेल प्रशासन का कहना है कि वह जेल में बिजली पानी के रखरखाव का कार्य करता था, करीब 20 फीट ऊंची सीढ़ी पर कार्य करने के दौरान अचानक वह जमीन पर आ गिरा, जिसके नाक से खून निकल रहे थे। जेल स्टाफ एम्बुलेंस के जरिए उसे एमजी हॉस्पिटल लेकर पहुंचा जहां डॉक्टर्स ने सांवरमल को मृत घोषित कर दिया। एमजीएच चौकी पुलिस ने शव को मोर्चरी में शिफ्ट करवा दिया। जेल प्रभारी भेरू सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्थिति साफ हो जायेगी। चावंडिया निवासी सांवरमल ओझा को 24 अगस्त 2023 को जेल में दाखिल करवाया गया था। इसके बाद से वह जेल में ही था। वहीं इस मामले में मृतक के परिजनों ने मौत को संदिग्ध बताते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सानिवि नगर खण्ड बीकानेर**

क्रमांक-5490 दिनांक-14.01.2025

**Notice Inviting Bid : 45/2024-25**

Bid for the " Construction of RUB at 321/9-10 Lalgarh Bikaner, Repair of Damaged CD Work Package No. RJ-08-01/East/CD Work/2023-24, Construction of New Room and Renovation work in District Statistical office, Bikaner and Sena Bharti Barricadding and Running Track Work " are invited from interested bidders from 14.01.2025 [09:30 AM] to 21.01.2025 [06:00 PM] & Open date 22.01.2025 [11:00 AM], other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http:// www.pwd.rajasthan. gov.in & eproc. rajasthan. gov.in & http:// sppp.rajasthan.gov.in of the state and departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 234.52 Lakh.

**UBN No. PWD2425WSOB13781, PWD2425WSOB13783, PWD2425WSOB13784, PWD2425WSOB13786**

Executive Engineer,
PWD City Division, Bikaner

DIPR/C/774/2025



**कार्यालय उप वनसंरक्षक, करौली (राज.)**

गढ़का चौकी करौली, Phone & Fax No. 07484-297003 Email: dcf.kroli.forest@Rajasthan.gov.in)

**Notice Inviting Bid**

Bid for Boundry Wall Construction in Range Karauli and Sapotra are invited from Interested bidders. other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in and http://www.eproc.rajasthan.gov.in of the state

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | यू बी एन नंबर | लागत लाखों में | जारी दिनांक | जमा व ोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दीवार निर्माण कार्य रेज करौली | UBN NO. FOR 2425 WSRC03775 | 29.78 | 10.01.2025 | 20.01.2025 व 21.01.2025 |
| 2 | दीवार निर्माण कार्य रेंज सपोटरा | UBN NO. FOR 2425 WSRC03776 | 29.78 | 10.01.2025 | 20.01.2025 व 21.01.2025 |

(सुमित बंसल)
उप वन संरक्षक
करौली

DIPR/C/702/2025



**कार्यालय बीकानेर विकास प्राधिकरण,बीकानेर**

Near Collector Office, Bikaner(Rajasthan) Fax :- 91-151-2226012,
Phone :-91-151-2226012, 91-151-2226013
E-Mail Address:- uitbikaner@yahoo.co.in Web Site :- urban.rajasthan.gov.in/uitbikaner

Ref. No. BDA /Bika/EE.2024-25/26084 Date 15-01-2025

**EXPRESSION OF INTEREST**

BDA Bikaner invites Expression of interest (EOI) from eligible entities for To Operate Commercial activities and Maintenance Of 9 Shops at Masala Chowk and its premises in Ravindra Rangmanch Campus Bikaner for 3 years.

The participants may contact to Smt. Vandana Sharma Executive Engineer, II Bikaner can be contacted (Mo. No. 8890052090) for any query and site visit with prior intimation.

Interested parties may download expression of Interest (EOI) Document form www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in and urban.rajasthan.gov.in/BDA Bikaner form 15.01.2025 Time 1.00 PM The Eoi ProcessingFee's of Rs. 10000/- shall be deposited through www.sso.rajasthan.gov.in. The copy of the EOI Documents,'duly filled in with the required informationand details along with the required enclosures, Certificate and documentary proofs specified in the EOI Documents should be uploaded on www.eproc.rajasthan.gov.in.

On or before 29.01.2025 Time 6.00 PM For any clarification applicants may seek through mail BDAbikaner@yahoo.co.in.

The uploaded document will be evaluated and firms found eligible will be invited to make a presentation on their capabilities. The Eligible firm will be shortlisted for further tender process.

राज.संवाद/सी/24/10402 Executive Engineer II


# त्रिवेणी संगम में स्नान कर अलौकिक अनुभूति का आनन्द लें श्रद्धालु : भजनलाल शर्मा

## प्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ में राजस्थान मंडप तैयार

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर महाकुंभ मेले में राजस्थान से जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तीर्थराज प्रयागराज में राजस्थान मंडप तैयार करवाकर निःशुल्क आवास, भोजन एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं।


मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कुंभ का विशेष महत्व है। कुंभ को सभी सिद्धियां प्रदान करने वाला बताया गया है। 12 वर्षों के अन्तराल पर आयोजित किया जा रहा महाकुंभ मेला प्रयागराज में 26 फरवरी तक चलेगा। मोनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघ पूर्णिमा और महाशिवरात्रि के शाही स्नान सहित इस मेले में भाग लेने वाले राजस्थान के श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के पुण्यलाभ प्राप्त कर सकें, इसके लिए राज्य सरकार के स्तर पर व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि इन व्यवस्थाओं का लाभ लेते हुए महाकुंभ के त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान, दर्शन

- **प्रयागराज में उपलब्ध करवाई गई निःशुल्क आवास,भोजन एवं चिकित्सा सुविधाएं : मुख्यमंत्री भजनलाल**

एवं पूजन कर अलौकिक अनुभूति का आनन्द प्राप्त करें।

राजस्थान मंडप में श्रद्धालुओं के लिए डबल बैड अटैच लेटबाथ युक्त 49 टेन्ट एवं 30 बैड डोरमेट्री में निःशुल्क आवास की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इसके अतिरिक्त श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन, चिकित्सा आदि की व्यवस्थाओं के साथ आगन्तुकों की मदद के लिए हेल्पडेस्क, कंट्रोल रूम की स्थापना भी की गई है। महाकुंभ मेले में भाग लेने वाले राजस्थान के नागरिक राजस्थान मंडप, प्लॉट नं. 97, सेक्टर 7, कैलाशपुरी मार्ग, प्रयागराज में इन सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं।

# रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में दिखाई दिया ''एशियाई वन बिलाव''



रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के जंगलों में ''एशियाई वन बिलाव'' दिखाई दिया।

**बून्दी,** (निसं)। जिले के रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के जंगलों में वन्य जीवों की संख्या व लुप्तप्राय प्रजातियों की उपस्थिति बनी हुई है। हाल ही में टाइगर रिजर्व में दुर्लभ प्रजाति की सियागोश बिल्ली के मिलने के बाद अब यहां ''एशियाई वन बिलाव'', एशियाई वाइल्ड केट की भी मौजूदगी दर्ज की गई है। इसे भारतीय रेगिस्तानी बिल्ली, एशियाई जंगली बिल्ली या एशियाई मैदानी जंगली बिल्ली भी कहा जाता है।

यह घरेलू बिल्ली के आकार की बिल्ली दक्षिण-पश्चिमी और मध्य एशिया, पाकिस्तान, भारत, मंगोलिया और चीन में व्यापक रूप से पाई जाती है। भारत में यह मुख्य रूप से पश्चिमी भारत के गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों के शुष्क और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में पाई जाती है। राजस्थान में यह आमतौर पर यह वन बिलाव अब तक पश्चिमी रेगिस्तानी क्षेत्र व डेजर्ट नेशनल पार्क में देखी गया है। रेगिस्तान में इसकी मौजूदगी के कारण ही इसे ''डेजर्ट केट'' के नाम से भी जाना जाता है। बून्दी के जंगलों में इसका मिलना एक सुखद एवं रोमांचक अनुभव है। रामगढ़ टाइगर रिजर्व बनने के साथ ही यहां पर लगातार बड़ी व छोटी बिल्लियों की संख्या बढ़ रही है जो इस टाइगर रिजर्व के लिए अच्छा संकेत है।

भारतीय रेगिस्तानी वनबिलाव, बिल्ली जैसा ही दिखता है। इसके अगले और पिछले पैरों के ऊपरी हिस्से पर गहरे रंग की धारियां होती हैं और शरीर पर गहरे काले धब्बे और एक काले गुच्छे के साथ पतली पूछ होती है। यह वनबिलाव शुष्क आवासों में रहता हैं और लंबे समय तक पानी के बिना जीवित रह सकता है। इस बिल्ली की संख्या लगातार कम होती जा रही है और इसे भारतीय वन्यजीव संरक्षण कानून की अनुसूची प्रथम में शामिल किया गया है। यह बिल्ली मरुस्थलीय क्षेत्रों में छोटी शेरनी या रोही बिल्ली भी कही जाती है। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार पर्यावरण संरक्षण में डेजर्ट केट की भूमिका महत्वपूर्ण है यह चूहों और कई तरह जीवों की संख्या को नियंत्रण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है तथा ऐसे में वहां ईकोलोजी सिस्टम भी बेहतर रहता है। वन क्षेत्रों में विकास और बढ़ते जैविक दबाव के कारण जंगली बिल्लियों की संख्या कम हो रही है। इसके अलावा इनकी आकर्षक खाल के कारण यह शिकारियों की नजरों में रहती है।

रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में एशियाई वन बिलाव, सियागोश व रस्टी स्पॉटेड कैट जैसी दुनियां की दुर्लभ जंगली बिल्लियां मौजूद है। इसके अलावा सामान्य वन बिलाव भी बड़ी संख्या में बून्दी के जंगलों में पाए जाते हैं। रामगढ़ के जंगल बाघ व बघेरों जैसी बड़ी बिल्लियों के लिए सदियों से प्रसिद्ध रहे हैं। अब यहां दुर्लभ प्रजाति की छोटी बिल्लियां भी फोटोट्रेप कैमरों में कैद हुई है जिससे यहां के जंगलों की समृद्ध जैव विविधता की झलक मिलती है। रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में लगाए गए फोटो ट्रेप कैमरों में एशियाई वाइल्ड केट की फ़ोटो अलग-अलग जगहों से कैप्चर हुई है। अभी तक टाइगर रिजर्व क्षेत्र में कैट फैमेली की आधा दर्जन प्रजातियां दर्ज की गई है।


**कार्यालय नगर परिषद बारां**

E-Mail : nagarpalikabaran@gmail.com स्टेशन रोड, बारां Phone : 07453-230106

क्रमांक :-नपबा/2024-25/10532-35 दिनांक :- 13.01.2025

**अभिव्यक्ति की अभिरूचि (Expression of Interest-EoI) का आमत्रण**

माननीय मुख्यमंत्री महोदय राजस्थान सरकार द्वारा वित्तिय वर्श 2022-23 बजट में बिन्दु सं0 56 के अनुसार नवीन श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना का उद्धेश्य ''कोई भुखा न सोये'' को साकार करने के लिए राज्य सरकार द्वारा बारां जिले में नवीन श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना आगामी माह से शुरू होनी है। जो निम्न प्रकार है। **नगर परिशद बारां 1.** रसोई क्रमांक - 328, नगर परिशद धर्मशाला **2.** रसोई क्रमांक - 334, राजकीय चिकित्सालय बारां, **3.** रसोई क्रमांक - 264, मेला ग्राउण्ड बारां, **नगर पालिका अन्ता 1.** रसोई क्रमांक - 342, अन्ता, **नगर पालिका मांगरोल 1.** रसोई क्रमांक - 307, मांगरोल, **नगर पालिका छबड़ा 1.** रसोई क्रमांक - 176, छबड़ा नवीन रसोई, अतः व्यवासायिक हित के स्थान पर सेवाभाव के आधार पर कार्य करने के इच्छुक प्रतिश्ठित गैर शासकीय/धार्मिक/स्वयंसेवी कल्याणकारी संस्था/सहकारी संस्था/फर्म/कॉर्पोरेट/स्थानीय स्वयं सहायता समूह/क्षैत्र स्तरीय संघ/नगरीय संघ को रसोई के संचालन हेतु बारां जिले के नगरीय निकाय (नगर परिशद/पालिका) में सूचीबद्ध (Empanel) एंव चयन करने हेतु दिनांक 13/01/2025 से अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित की जाती हैं, इच्छुक आवेदक नगर परिशद बारां में दिनांक 21/01/2025 समय साय 5.00 बजे तक (नगर परिशद बारां) में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

विस्तृत अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) तथा योजना के दिशा-निर्देश (गाईडलाईन) नगर परिशद कार्यालय तथा विभाग की वेबसाईड www.sppp.rajasthan.gov.in से प्राप्त/डाउनलोड की जा सकती है।

UBN No. - DLB2425SLOB14967

राज.संवाद/सी/24/10370 आयुक्त



**कार्यालय विद्युत नगर निगम कोटा दक्षिण (राज0)**

क्रमांकः-ननिको द./वि0/2025/1121-1126 दिनांक 15.01.2025

**-: ई - निविदा सूचना :-**

नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा किसी भी सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी विभागों में निम्न कार्य को करने वाले अनुभवी संवेदकों से ई-निविदा पद्धती से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित राशि, निविदा बेचे जाने, प्राप्त करने, अन्य शर्ते एवं जानकारी निगम वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/nnks, www.sppp.rajasthan.gov.in & https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

(अनुमानित राशि 90.84 लाख रूपये)

NIB Code - DLB2425A4948
UBN - DLB2425WSRC15022

अधिशाषी अभियंता (वि0)
नगर निगम कोटा दक्षिण

राज.संवाद/सी/24/10420



**बीकानेर नगर निगम**

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक/निर्माण/2024-25/1085 दिनांक 15.01.2025

**ई- निविदा-सूचना सं0 81/2024-25**

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में ''ऐऐ'', ''ऐ'' श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा की कुल लागत 24.81 लाख

UBN Number :- DLB2425WSOB15038

आयुक्त
नगर निगम, बीकानेर

राज.संवाद/सी/24/10415



**बीकानेर नगर निगम**

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक/निर्माण/2024-25/1075 दिनांक 15.01.2025

**ई- निविदा-सूचना सं0 83/2024-25**

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में ''ऐऐ'', ''ऐ'' श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा की कुल लागत 24.99 लाख

UBN Number :- DLB2425WSOB15044

आयुक्त
नगर निगम, बीकानेर

राज.संवाद/सी/24/10413


# एटीएम को गाड़ी से बांधकर उखाड़ ले गये बदमाश

## मौके पर एफएसएल टीम पहुंची, पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी मिले

**बीकानेर,** (निसं)। जिले के बज्जू थाना क्षेत्र में आरडी 860 गांव में लगी एटीएम मशीन को देर रात बदमाश गाड़ी से बांधकर ले गए। सुबह एटीएम का गेट टूटा हुआ देखा तो अंदर की ओर झांका। तब पता चला कि अंदर तो एटीएम ही नहीं है। बैंक प्रबंधन को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। एटीएम में शुक्रवार को ही 14 लाख रुपए डाले गए थे। इसमें कुछ राशि दो दिन में निकली है।

बज्जू थाना क्षेत्र में स्थित गांव आरडी 860 मुख्य मार्ग के नजदीक ही है। यहां स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का एटीएम लगा हुआ है। देर रात चोर आए और एटीएम को गाड़ी के पीछे बांध लिया। माना जा रहा है कि लोहे की मजबूत चेन से एटीएम को बांधकर गाड़ी को स्टार्ट किया। तेज रफ्तार से खींचने पर एटीएम टूटकर गाड़ी के पीछे लटक गया, जिसे खींचते हुए बदमाश ले गए। देर रात हुई इस वारदात का गांव में किसी को पता नहीं चला। मुख्य मार्ग

- **एटीएम में शुक्रवार को ही 14 लाख रुपए डाले गए थे, इसमें कुछ राशि दो दिन में निकली है**
- **पुलिस का मानना है कि यह वारदात किसी संगठित गिरोह द्वारा की गई हो सकती है**
- **देर रात हुई इस वारदात का गांव में किसी को पता नहीं चला, मुख्य मार्ग पर भी कोई आवाजाही नहीं होने का फायदा चोरों ने उठाया**

पर भी कोई आवाजाही नहीं होने का फायदा चोरों ने उठाया। वारदात को अंजाम देने में चोरों ने कुछ ही मिनटों का समय लिया और घटनास्थल से फरार हो गए। घटना के बाद एटीएम में नकदी का आकलन किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही बज्जू पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस टीम ने घटनास्थल से अहम सबूत जुटाए हैं और अब क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का मानना है कि यह वारदात किसी संगठित गिरोह द्वारा की गई हो सकती है।

थानाधिकारी आलोक ने बताया कि दो दिन पहले एटीएम में 14 लाख रुपए डाले गए थे, जिसके बाद कुछ रुपए निकल सकते हैं। बैंक अपने रिकार्ड को देखकर पता कर रहा है कि अब कितने रुपए के साथ एटीएम ले गए। मौके पर एफएसएल टीम पहुंच गई है। सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मिल गए हैं, जिसके आधार पर पड़ताल हो रही है। नेशनल हाईवे और अन्य क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग**

अजमेर वृत्त, लोहाखान, टेम्पो स्टेण्ड के पास, अजमेर
दूरभाष नं. 0145-2970165, E-mail Address: seajm.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक- अधी/वृत्त/अंके-है.प./2024-25 दिनांक-

**CORRIGENDUM**
**(NIB NO. 21 TO 23/2024-25)**

विस्तृत निविदा सूचना संख्या 21 से 23/2024-25 जन सम्पर्क निदेशालय की वेबसाइट पर तथा निविदा प्रपत्र वेबसाइट एसपीपीपी राजस्थान तथा ई-प्रोक्यूरमेण्ट वेबसाइट से वर्णित तालिका अनुसार डाउनलोड एवं इसी समय तक बिड प्रस्तुत की जा सकती है एवं निविदाओं की तकनीकी बिड खोली जाएगी।

| S.No | As per Published Information | | Now Amended as | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **Clause 1.17** as per TD The designation and address of the first appellate authouity of Chief Engineer (U & NRW/Rural) and second appellate authority is Special Secretary PHED, Rajasthan Jaipur. | | The designation and address of the first appellate authouity of Chief Engineer (Rural), PHED, Jaipur and second appellate authourtiy is Additional Chief Secretary/Principal Secretary/ Secretary (Senior Most Officer), PHED, Jaipur (Raj.) as per Joint Secretary, PHED, Jaipur GoR Circular No. प.11(52)पीएचई/2015 जयपुर दिनांक 06.02.2024 | |
| 2 | **Annexure- C** as per TD The designation and address of the first appellate authouity of Chief Engineer (U & NRW/Rural) and second appellate authority is Special Secretary PHED, Rajasthan Jaipur. | | The designation and address of the first appellate authouity of Chief Engineer (Rural), PHED, Jaipur and second appellate authourtiy is Additional Chief Secretary / Principal Secretary/ Secretary (Senior Most Officer), PHED, Jaipur (Raj.) as per Joint Secretary, PHED, Jaipur GoR Circular No. प.11(52)पीएचई/2015 जयपुर दिनांक 06.02.2024 | |
| 3 | IMPORTANT DATES AS PER ORIGNAL BID DOCUMENT :- | | CORRIGENDUM IN IMPORTANT DATES:- | |
| | Events | Date & Time | Events | Date & Time |
| | Availability of tender documents on Web Site | From 06.01.2025 to 16.01.2025 up to 18:00 Hrs. | Availability of tender documents on Web Site | From 06.01.2025 to 21.01.2025 up to 18:00 Hrs.. |
| | Last Date & time for online submission of Tender. | 16.01.2025 up to 18:00 Hrs. | Last Date & time for online submission of Tender. | 21.01.2025 up to 18:00 Hrs. |
| | Deposition of affidavits (in original) on Non Judicial Stamp Paper duly notarized. HCNP (Form CON) 500/- Rs. POA (500/-) in case of Partnership/Limited Firm Schedule-1 (Rs. 100/-) प्रपत्र 'स' (Rs.100/-) | 17.01.2025 up to 13:00 Hrs | Deposition of affidavits (in original) on Non Judicial Stamp Paper duly notarized. HCNP (Form CON) 500/- Rs. POA (500/-) in case of Partnership/Limited Firm Schedule-1 (Rs. 100/-) प्रपत्र 'स' (Rs.100/-) | 22.01.2025 up to 13:00 Hrs |
| | Date of opening of Pre- Qualification bid. | 17.01.2025 at 15:00 Hrs | Date of opening of Pre- Qualification bid. | 22.01.2025 at 15:00 Hrs |

उक्त निविदा सूचना का प्रकाशन वेबसाईट एस.पी.पी.पी. पर तथा निविदा प्रपत्रों का प्रकाशन निम्नतालिका अनुसार किया गया है, जो निम्नानुसार है-

| S.No. | NIT Number | SPPP ID Number | UBN Number |
|---|---|---|---|
| 1 | 21/2024-25 | PHE2425A3807 | PHE2425WSOB08044 |
| 2 | 22/2024-25 | PHE2425A3807 | PHE2425WSOB08045 |
| 3 | 23/2024-25 | PHE2425A3807 | PHE2425WSOB08046 |

(रामचन्द्र राड़)
अधीक्षण अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, अजमेर

DIPR/C/772/2025



महिला हॉकी इंडिया लीग खेल पर वैसा ही प्रभाव डाल सकती है जैसा कि इंडियन प्रीमियर लीग ने क्रिकेट पर डाला है। महिला खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा। - रानी रामपाल

पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान, हॉकी खिलाड़ियों के प्रदर्शन को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶

## डी गुकेश



**ग्रैंडमास्टर** डी गुकेश विश्व चैंपियन बनने के बाद शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। दिसंबर में सिंगापुर में विश्व चैंपियनशिप जीतने के बाद गुकेश ने न्यूयॉर्क में विश्व रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था। इसके बाद वह पहली बार किसी टूर्नामेंट में शिरकत करेंगे। वह शनिवार को अपना अभियान शुरू करेंगे। शुक्रवार को उद्घाटन समारोह में जोड़ियों की घोषणा की जाएगी। पांच भारतीय पहली बार 'शतरंज का विंबलडन' कहे जाने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** सचिन तेंदुलकर ने 200 टेस्ट मैचों में 51 शतक लगाये। जबकि वनडे में उनके नाम 49 शतक है।

## इंग्लैंड सीरीज के लिए सितांशु कोटक होंगे भारतीय टीम के बल्लेबाज कोच

मुम्बई, 16 जनवरी। सितांशु कोटक को सीमित ओवरों की सीरीज और चैंपियंस से पहले आगामी 22 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली घरेलू श्रृंखला के लिए टीम का बल्लेबाजी कोच बनाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सौराष्ट्र के पूर्व बल्लेबाज सितांशु कोटक भारत के बल्लेबाजी कोच बनने को तैयार हैं। वह मुख्य कोच गौतम गंभीर के कोचिंग स्टाफ के पांचवें सहायक सदस्य होंगे। 52 वर्षीय कोटक को 20 साल के प्रथम श्रेणी क्रिकेट का अनुभव है। उन्होंने 2013 में संन्यास लिया था। वह 2019 से ही एनसीए में एक बल्लेबाजी कोच के तौर पर जुड़े हैं। उन्होंने इंडिया ए के कई दौरों पर प्रमुख कोच की भी भूमिका निभाई है। वह 2023 में आयरलैंड दौरे पर भारत की सीनियर टीम के भी कोच थे। उल्लेखनीय है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में मिली करारी हार के बाद पिछले सप्ताह भातीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक समीक्षा बैठक बुलाई थी। बैठक में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने बल्लेबाजी कोच रखने का सुझाव दिया था।



## इंग्लैंड दौरे से पहले 3 अभ्यास मैच खेलेगी इंडिया-ए



नई दिल्ली, 16 जनवरी। जून में इंग्लैंड दौरे से पहले इंडिया-ए टीम इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 3 चार दिवसीय मैच खेलेगी। मुकाबले 25 मई को खत्म होने के ठीक बाद शुरू होंगे और 20 जून को टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले खत्म भी हो जाएंगे। टीम इंडिया के आउट ऑफ फॉर्म बैटर्स के पास इंडिया-ए के साथ जुड़कर बड़ी सीरीज से पहले फॉर्म हासिल करने का मौका रहेगा।


इंडिया-ए की सीरीज इसीलिए रखी है ताकि बैटर्स यहां खुद को साबित कर सकें। इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा प्लेयर्स को टेस्ट सीरीज में भी मौका मिल सकता है। वहीं सीनियर प्लेयर्स इंडिया-ए में शामिल होकर भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकें तो उन्हें टीम से बाहर भी किया जा सकता है।

टीम इंडिया पिछले दिनों ऑस्ट्रेलिया में 5 टेस्ट की सीरीज 3-1 से हार गई। यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल और नीतीश रेड्डी को छोड़कर टीम के ज्यादातर बैटर्स फ्लॉप ही रहे। विराट कोहली एक ही शतक लगा सकें, वहीं कप्तान रोहित शर्मा तो सीरीज में 31 रन ही बना पाए। बैटर्स के खराब प्रदर्शन के बाद मांग उठी कि सभी प्लेयर्स को घरेलू क्रिकेट और प्रैक्टिस मैच में भी हिस्सा लेना चाहिए। अब टेस्ट टीम को 20 जून से इंग्लैंड में 5 मैचों की सीरीज खेलना है। इंग्लैंड लायंस के खिलाफ सीरीज का शेड्यूल रिलीज नहीं हुआ, लेकिन देखना अहम होगा कि आउट ऑफ फॉर्म बैटर्स सीरीज से पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ प्रैक्टिस मैच में हिस्सा लेंगे या नहीं?

## पेरू को हराकर भारत खो-खो विश्वकप के क्वार्टरफाइनल में

नई दिल्ली, 16 जनवरी। भारतीय पुरुष टीम ने बुधवार को पेरू पर 70-38 से जीत दर्ज कर खो खो विश्वकप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। आज यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेले जा रहे खो खो टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए पेरु को हराया। भारतीय टीम ने पहले टर्न के शुरुआती चरणों में दबदबा बनाया, हालांकि पेरू ने दूसरे टर्न में थोड़े समय के लिए रक्षात्मक स्टैंड के साथ प्रदर्शन किया। भारत ने पहले राउंड को प्रभावशाली 36 अंकों के साथ समाप्त किया। आदित्य पोटे, शिवा रेड्डी और सचिन भार्गो के शानदार प्रदर्शन के साथ दूसरे टर्न में गति बनाये रखी। भारत के दबाव का यह सिलसिला तीसरे टर्न तक जारी रहा और चौथे टर्न तक स्कोर 70 अंकों तक पहुंच गया। 32 अंकों की इस शानदार जीत के साथ भारत ने न केवल क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बना ली है।

## फेक न्यूज फैलाने वालों पर भड़के जसप्रीत बुमराह



नई दिल्ली, 16 जनवरी। टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को लेकर इन दिनों कई अफवाह आ रही हैं। कई रिपोर्ट में तो ये भी दावा किया जा रहा है कि बुमराह को बेड रेस्ट की सलाह दी गई है। अब इन तमाम मीडिया रिपोर्ट पर खुद बुमराह ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस दौरान कहा कि फेक न्यूज फैलाना आसान है।

इसका मतलब है कि बुमराह को बेड रेस्ट नहीं दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर खेली गई पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के आखिरी मुकाबले में बुमराह को बैक स्पाज्म हुआ था, जिसके बाद भारतीय गेंदबाज मैच के बीच में स्कैन के लिए गए थे। बुमराह ने इसके बाद मुकाबले में गेंदबाजी भी नहीं कराई थी। बुमराह के गेंदबाजी नहीं कराने से तरह-तरह की अटकलें लगनी शुरू हो गई थीं।

तमाम रिपोर्ट्स में तो ये भी दावा किया जा चुका है कि, बुमराह फरवरी-मार्च में खेली जाने वाली चैंपियंस ट्रॉफी भी मिस कर सकते हैं। हालांकि, बुमराह की चोट पर बीसीसीआई की तरफ से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन खुद बुमराह ने जरूर सबकी क्लास लगा दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बुमराह ने अपनी बेड रेस्ट वाली फैलती खबरों पर रिप्लाई करते हुए लिखा कि, मुझे पता कि फेक न्यूज फैलाना आसान है लेकिन इससे मुझे हंसी आती है। सोर्स अविश्वसनीय। टीम इंडिया को चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज खेलनी है। इस सीरीज में 5 टी20 और 3 वनडे मैच खेले जाएंगे।

## जयपुर की निर्मला रावत बनी विश्व पैरा थ्रोबॉल महासंघ की अध्यक्ष

जयपुर, 16 जनवरी। विश्व पैरा थ्रोबॉल महासंघ की नई अध्यक्ष जयपुर निवासी निर्मला रावत चुनीं गई हैं। इस प्रतिष्ठित पद पर चुने जाने पर रावत का सम्मान भारत के विभिन्न राज्यों के विश्व पैरा थ्रोबॉल महासंघ के प्रतिनिधि करेंगे। सम्मान समारोह कमल रतन टॉवर के होप्स इन टेटर्स में होगा। निर्मला रावत का चुनाव राजस्थान पैरा थ्रोबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमावत और भारतीय पैरा थ्रोबॉल महासंघ के अध्यक्ष डॉ. अल्बर्ट की अनुशंसा पर हुआ है। रावत का चुना जाना पैरा खेलों में नई ऊंचाइयों को छूने समेत उनकी नेतृत्व क्षमता और दिव्यांगजनों के कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। समारोह में राजस्थान के विभिन्न जिलों के अलावा कर्नाटक, हरियाणा से भी प्रतिनिधि व खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। समारोह में सांसद मंजू शर्मा, मंत्री सुरेश रावत, विधायक कालीचरण सराफ व पूर्व मेयर ज्योति खंडेलवाल की मौजूदगी रहेगी।



## क्या धोनी के सम्मान में सरकार ला रही 7 रुपये का नया सिक्का



नई दिल्ली, 16 जनवरी। जब कभी भी भारत और दुनिया में क्रिकेट इतिहास के सबसे बेहतरीन कप्तान और विकेटकीपर की बात होगी तो सबसे पहले एमएस धोनी का नाम आएगा। देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में धोनी के कई फैंस मिल जाएंगे। आईपीएल के दौरान एमएस धोनी के प्रति फैंस की दिवानगी का अलग ही नजारा देखने को मिलता है। सोशल मीडिया से कोसो दूर रहने वाले धोनी फैंस के बीत किसी ना किसी कारण चर्चाओं में रहते हैं। एक बार फिर उन्हें लेकर सोशल मीडिया पर एक अलग ही बात चल रही है।सोशल मीडिया मौजूदा समय में हर किसी की जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है। इसी सोशल मीडिया पर कब किसके बारे में कुछ भी वायरल हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। झूठी खबरों के लिए सोशल मीडिया एक बड़ा अड्डा बन कर रह गया है। ऐसा ही कुछ एमएस धोनी के नाम पर भी हो रहा है। उन्हें लेकर सोशल मीडिया पर कई दावे चल रहे हैं। इन्हीं में एस एक खबर सोशल मीडिया पर ये भी है कि धोनी के सम्मान में सरकार मुद्रा जारी करने जा रही है।

हालांकि, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें यानी रिजर्व बैंक का जिक्र किया गया है। इसमें कहा गया है कि आरबीआई महेंद्र सिंह धोनी के सम्मान में 7 रुपये का नया सिक्का जारी करने जा रहा है। थाला एक बार फिर चमक रहे हैं। जिसके बाद प्रेस इन्फर्मेशन ब्यूरो की फैक्ट चेक में पता चला है कि ये वायरल दावा झूठा है और सरकार ने ऐसी कोई भी घोषणा नहीं की है। आधिकारिक हैंडल पर पोस्ट किया गया है कि, सोशल मीडिया पर सर्कुलेट हो रही इमेज में दावा किया जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट में योगदान के लिए महेंद्र सिंह धोनी के सम्मान में नया 7 रुपये का सिक्का जारी किया जाएगा। जो की तस्वीर पूरी तरह से झूठी है।

## विमेंस प्रीमियर लीग का पहला मैच 14 फरवरी को गुजरात-बेंगलुरू के बीच

### 15 मार्च मुंबई में पहला फाइनल, 4 वेन्यू पर 22 मैच खेले जाएंगे



नई दिल्ली, 16 जनवरी। विमेंस प्रीमियर लीग के तीसरे सीजन का शेड्यूल रिलीज हो गया है। 14 फरवरी को डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात जायंट्स के बीच वडोदरा में ओपनिंग मैच होगा। मुंबई में 13 मार्च को एलिमिनेटर और 15 मार्च को फाइनल खेला जाएगा।

इस बार 2 की बजाय 4 वेन्यू पर मुकाबले होंगे। लखनऊ और बेंगलुरु बाकी 2 वेन्यू हैं। टूर्नामेंट में 5 ही टीमें रहेंगी, सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 2-2 मैच खेलेगी। इस तरह एक टीम 8 मैच खेलेगी। टूर्नामेंट में टोटल 22 मैच होंगे। विमेंस प्रीमियर लीग में 14 फरवरी से 11 मार्च तक लीग स्टेज के 20 मैच होंगे। 20 और 23 फरवरी के साथ 2, 4, 5 और 9 मार्च को रेस्ट डे हैं, इस दिन कोई मुकाबला नहीं होगा। बाकी सभी दिन शाम 7.30 बजे से 1-1 मैच खेला जाएगा। यानी एक भी दिन 2 मैच नहीं खेले जाएंगे। प्लेऑफ के दौरान 12 और 14 मार्च को कोई मैच नहीं होगा।

सीजन-3 में 4 वेन्यू पर मैच होंगे। वडोदरा में 14 से 19 फरवरी तक 6 मैच खेले जाएंगे। फिर बेंगलुरु में 21 फरवरी से 1 मार्च तक 8 मैच होंगे। यहां की होम टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दूसरे सीजन का खिताब जीता था, इसलिए इस वेन्यू को सबसे ज्यादा मुकाबले मिले। 3 से 8 मार्च तक लखनऊ में 4 मैच खेले जाएंगे। फिर 10 से 15 मार्च तक मुंबई में प्लेऑफ और लीग स्टेज के 2-2 मैच होंगे।

## विदर्भ पहली बार विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा, महाराष्ट्र को 79 रन से हराया

वड़ोदरा, 16 जनवरी। ध्रुव शौरी (114), यश राठौड़ (116) की शानदार शतकीय और कप्तान करूण नायर (नाबाद 88) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर विदर्भ ने गुरुवार को दूसरे सेमीफाइनल में महाराष्ट्र को जीत के लिए 381 रनों का विशाल लक्ष्य दिया हैं। आज यहां महाराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी विदर्भ के लिए सलामी बल्लेबाज ध्रुव शौरी और यश राठौड़ शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 224 रन जोड़े। 35वें ओवर में सत्यजीत बाछव ने यश राठौड़ को बोल्ड कर महाराष्ट्र को पहली सफलता दिलाई। यश राठौड़ ने 101 गेंदों में 14 और एक छक्के की मदद से (116) रनों की पारी खेली। इसके बाद 39वें ओवर में मुकेश चौधरी ने ध्रुव शौरी को आउट कर पवेलियन भेज दिया। ध्रुव शौरी ने 120 गेंदों में 14 चौके ओर एक छक्का लगाते हुए (114) रन बनाये। जितेश शर्मा ने 33 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुए (51) रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। कप्तान करुण नायर ने 44 गेंदों में नौ चौके और पांच छक्कों की मदद से (नाबाद 88) रनों तूफानी की पारी खेली।

**राजधानी**

# मुख्यमंत्री के फैसलों से कर्मचारी संतुष्ट, जताया आभार

## कर्मचारी राज्य की महत्वपूर्ण कड़ी, उनकी समस्या का समाधान करना हमारी प्राथमिकता : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से गुरूवार को उनके कार्यालय में संवाद करने आये कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों ने एक सुर में मुख्यमंत्री का बड़ी संख्या में सरकारी नौकरी की घोषणाओं, जमीन पर उनका शीघ्र क्रियान्वयन तथा कर्मचारियों के हितों में लिए जा रहे निर्णयों के लिए आभार व्यक्त किया। कर्मचारी संगठनों ने कहा कि कर्मचारियों के लिए मुख्यमंत्री की नीयत और नीति अच्छी है। आज कर्मचारी बहुत खुश हैं तथा मुख्यमंत्री द्वारा लिए जा रहे निर्णयों से उनमें संतोष का भाव है। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी भी मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों की समस्याओं को जानने के लिए आमंत्रित कर निरन्तर संवाद किया है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि मंत्री एवं विभागीय स्तर पर भी कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

- 'विकसित राजस्थान के लक्ष्य के लिए समर्पण भाव से काम करें कार्मिक'

मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारी हमारे राज्य की महत्वपूर्ण कड़ी है तथा सरकार और कर्मचारी का संबंध प्रगाढ़ होता है। हमारी प्राथमिकता है कि कर्मचारियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि विकसित और खुशहाल राजस्थान के लक्ष्य के लिए कार्मिक समर्पण एवं सेवाभाव के साथ काम करें तथा आगामी बजट 2025-26 में कर्मचारी संगठनों से प्राप्त सुझावों को परीक्षण कर यथासंभव शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य की 8 करोड़ जनता की आशा और आंकाक्षाओं को पूरा करने में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि गत एक वर्ष में राज्य सरकार ने राज्य में बिजली-पानी की प्राथमिकता को समझते हुए अनेक निर्णय लिए हैं। ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना सहित विभिन्न परियोजनाओं से जहां राज्य में जल की आपूर्ति बढ़ी हैं, वहीं किसानों को 2027 तक दिन में बिजली देने के लक्ष्य को लेकर राइजिंग राजस्थान में ऊर्जा के क्षेत्र में सर्वाधिक एमओयू किए गए हैं। राज्य सरकार प्रदेश को उत्कृष्ट और विकसित राजस्थान बनाने के संकल्प के साथ काम कर रही है।

बैठक में कर्मचारियों द्वारा वेतन विसंगति, ग्रेड-पे, पदोन्नित अवसरों का पर्याप्त सृजन, संविदाकर्मियों का नियमितीकरण, दिव्यांगों को आरक्षण, कर्मचारियों के लिए प्रोटेक्शन एक्ट सहित विभिन्न विषयों पर अपनी राय रखी। बैठक में पंचायती राज, शिक्षा, मेडिकल, सचिवालय सेवा, मंत्रालयिक सेवा, कार्मिक, आंगनबाड़ी, जलदाय विभाग, पटवारी सेवा, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, कृषि सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव दिए।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों के साथ बजट से पहले ने संवाद किया।

## पी.टी.आई. के बर्खास्तगी नोटिस मामले में स्टे लगाया

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने पीटीआई भर्ती के आवेदन पत्र में मिस मैच से जुडे मामले में याचिकाकर्ता पीटीआई के बर्खास्तगी नोटिस पर यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही अदालत ने मामले में राज्य सरकार के शिक्षा सचिव, शिक्षा निदेशक व राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव सहित अन्य पक्षकारों से जवाब देने के लिए कहा है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश महिमा कुमारी व अन्य की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता आरपी सैनी ने अदालत को बताया कि कर्मचारी चयन बोर्ड ने 16 जून 2022 को पीटीआई के 5546 पदों पर भर्ती निकाली थी। इसमें चयन का आधार लिखित परीक्षा थी। याचिकाकर्ताओं ने भर्ती का आवेदन पत्र ऑनलाइन भरा था, लेकिन आवेदन पत्र में ई मित्र संचालकों ने बीपीएड परीक्षा के रोल नंबर की जगह गलती से एनरोलमेंट नंबर भर दिया।

## फरवरी से फार्मर रजिस्ट्री प्रदेशभर में शुरू होगी : मुख्यमंत्री

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि एग्रीस्टैक किसान केन्द्रित समाधान उपलब्ध करवाने की दिशा में महत्वाकांक्षी पहल है एवं इससे कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति की शुरूआत होगी। इसके अन्तर्गत किसानों की जानकारी का व्यापक डाटाबेस तैयार करते हुए प्रत्येक किसान को विशिष्ट फार्मर आईडी प्रदान की जाएगी। इससे किसानों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सुगमता एवं पारदर्शिता आएगी।

शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में एग्रीस्टैक योजना एवं फार्मर रजिस्ट्री रोल-आउट को लेकर समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में एग्रीस्टैक परियोजना को लेकर मिशन मोड़ पर कार्य किया जाए एवं इससे जुड़ने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ पर दिसम्बर में सीकर जिले से इस मिशन को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया। आगामी फरवरी माह से इसे प्रदेशभर में शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके तहत चरणबद्ध रूप से ग्राम पंचायत स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री के लिए कैम्प लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने इन कैम्पों को लेकर तैयारी पूरी करने तथा तथा उपखंड स्तर पर पर्यवेक्षण एवं जिला स्तर पर मॉनिटरिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कैम्पों में आमजन को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। साथ ही, इन कैम्पों में अन्य विभागों की संबंधित सेवाओं को भी शामिल किया जाए।

- 'एग्रीस्टैक से कृषि में होगी डिजिटल क्रांति की शुरूआत'
- चरणबद्ध रूप से ग्राम पंचायत स्तर पर कैंप आयोजित होंगे

शर्मा ने कहा कि इस मिशन में किसान अहम कड़ी हैं। उनको इस मिशन के प्रति ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जाए। जिससे वे इससे जुड़ें और प्रदेश के प्रत्येक किसान को योजनाओं का लाभ मिल सके और कोई भी अन्नदाता सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोडा, अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव राजस्व दिनेश कुमार, प्रमुख शासन सचिव सहकारिता मंजू राजपाल सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## शपथ लेना सरल मगर इसको निभाना कठिन : देवनानी

**जयपुर।** विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राज्य कर्मचारियों का आव्हान किया है कि वे ईमानदारी व निष्ठा और संवेदनशीलता से कार्य कर राज्य सरकार के जनहितकारी सकल्पों को पूरा करने में सक्रिय भागीदारी निभाए। उन्होंने कहा कि कर्मचारी समय पर आए, समय पर जाए और जनहित के कार्य कर राजस्थान की माटी को यश दिलाएं। देवनानी गुरुवार को यहा जयपुर कलेक्ट्रेट में नव निर्वाचित राजस्व मंत्रालयिक संघ की कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। देवनानी ने सभी कर्मचारियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कर्म और भाग्य हमारे जीवनरुपी लॉकर की दो चाबियां हैं। राज्य हित में राजकीय कार्यों का ईमानदारी व निष्ठा से सम्पादन आवश्यक है।

## युवा कांग्रेस ने बनाए विधानसभा प्रभारी

**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश युवा कांग्रेस ने प्रदेश संयोजक बनाकर 96 विधानसभा में प्रभारी नियुक्त किए हैं। अन्य सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी भी जल्द नियुक्त किए जाएंगे।

यह नियुक्ति प्रदेश प्रभारी मोहम्मद शाहिद के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पुनिया की अनुशंसा तथा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुधींद्र मूंड, यशवीर शूरा के सहमति से संगठन प्रभारी अरबाब खान ने की है।

प्रत्येक विधानसभा प्रभारी की जिम्मेदारी संगठन की विधानसभा कार्यकारिणी, ब्लॉक कार्यकारिणी, नगर, वार्ड, पंचायत, ग्राम तथा बूथ की कार्यकारिणी को पूरा करना होगा। यह सभी कार्य प्रदेश नेतृत्व की निगरानी में किया जाएगा।

## 'मुख्यमंत्री प्रदेश के प्रत्येक घर में पानी पहुंचाने के लिए प्रयासरत'

**जयपुर।** विधायक कुलदीप धनखड ने प्रदेश के समाज सेवियों और भामाशाहों से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चलाए जा रहे 'कर्मभूमि से मातृभूमि जन भागीदारी जल संचय' के अभियान में जुड़ने का आव्हान किया है। राज्य सरकार इस अभियान से प्रदेश की हर ग्राम पंचायत को जोड़ेगी और हर पंचायत में चार-चार रिचार्ज वाटर शाफ्ट बनाए जाएंगे।

धनखड़ ने कहा कि देश और दुनिया में पानी की उपलब्धता बहुत बड़ा संकट है। राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जल से जुड़ी समस्या के स्थाई समाधान के लिए नदियों को जोड़ने की ईआरसीपी परियोजना लेकर आए हैं।

मुख्यमंत्री के नेतत्व में हमारी सरकार प्रदेश के प्रत्येक घर में पानी पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। धनखड़ ने कहा कि प्रदेश के कांग्रेस के नेता लगातार अनर्गल वक्तव्य देकर हमारी सरकार पर आरोप लगाते हैं।

## गेहूं खरीद की तैयारियों को प्रह्लाद जोशी ने सराहा

**जयपुर।** प्रदेश में गेहूं की खरीद समर्थन मूल्य पर करने को लेकर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। विभाग के मंत्री सुमित गोदारा की ओर से बार बार अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है कि किसी भी किसान को रजिस्ट्रेशन या अन्य किसी भी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े। इसके लिए विभागीय अधिकारी हर वक्त मुस्तैद रहें। गेहूं खरीद की तैयारियों को लेकर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पांच राज्यों के मंत्रियों की बैठक ली। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए हुई इस बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा की ओर से राज्य सरकार की ओर की गई तैयारियों की जानकारी दी। इस दौरान विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री ने राजस्थान की तैयारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राजस्थान की तरह अन्य राज्यों को भी समय रहते पूरी तरह मुस्तैद हो जाना चाहिए ताकि किसानों को कोई परेशानी ना हो।

मंत्री गोदारा ने कहा राजस्थान एकमात्र ऐसा राज्य है जहां गेहूं की खरीद देश में सबसे ऊंची दर पर किया जा रहा है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी की ओर से किसानों को बड़ी सौगात दी जा रही है। समर्थन मूल्य के अतिरिक्त प्रति क्विंटल 125 रुपए का बोनस दिया जा रहा है। गोदारा ने बताया कि गेहूं का समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल है लेकिन राजस्थान के किसानों को बोनस सहित 2550 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। मंत्री सुमित गोदारा ने जानकारी दी कि गेहूं की खरीद एफसीआई, राजफैड, तिलम संघ, नेफेड और एनसीसीएफ की ओर से की जाएगी। प्रदेशभर में कुल 259 खरीद केंद्र बनाए गए हैं। इनमें एफसीआई के 153, राजफैड के 15, तिलम संघ के 45, नैफेड के 15 और एनसीसीएफ के 31 खरीद केंद्र शामिल हैं।

# हर गांव में बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करना हमारा संकल्प : बिरला

## ओम बिरला ने 13.5 करोड़ के विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास किया



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

**कोटा, (निसं)।** इटावा-सुल्तानपुर पंचायत समिति क्षेत्र में 13.5 करोड़ के विकास कार्यो के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम समारोह आयोजित हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि कोटा-बूंदी अन्नदाताओं की धरती है, हमारे किसान समृद्ध होंगे तो यह क्षेत्र भी प्रगति की नई ऊंचाईयां छूएगा। हर गांव में बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, हर खेत तक पानी और हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लक्ष्य को लेकर हम तेजी से काम कर रहे हैं।

कोटा-बून्दी की जनता का आशीर्वाद मेरे लिए प्रेरणा है। आम जनमानस के जीवन में सामाजिक और आर्थिक बदलाव आए, इसके लिए मिलकर काम करेंगे। सभी विकास कार्य समयबद्ध रूप से पूरे होंगे ताकि क्षेत्र की बुनियादी आवश्यकताएं भी पूरी हो और लोगों का जीवन स्तर बेहतर हो सके।

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि बीते 5 वर्षों में ग्रामीण रोड कनेक्टिविटी में तेजी से सुधार हुआ है। कई प्रमुख सड़कों का निर्माण जारी है, कई काम जल्द शुरू होने हैं। इटावा-सुल्तानपुर क्षेत्र के सभी गांवों को सड़कों से जोड़ेंगे। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के काम भी जल्द पूरा होगा, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं मिल सकें। डिजिटल लाइब्रेरी और आधुनिक विद्यालयों के माध्यम से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष प्रबन्ध किए जाएंगे।

बिरला ने कहा कि इटावा-खातौली क्षेत्र की जिला मुख्यालय से दूरी अधिक है। यहां के नागरिकों को उपचार के लिए 100 किमी दूर जाना पड़ता था। इटावा में उप जिला चिकित्सालय स्वीकृत हो गया है, जल्द ही इसका निर्माण कार्य भी शीघ्र शुरू होगा, इसके साथ ही ट्रोमा अस्पताल का काम भी जल्द पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 6 उप स्वास्थ्य केंद्रों का शिलान्यास हुआ है। उन्होंने कहा कि इटावा बाइपास का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होगा, मंडी तक किसानों की पहुंच सुगम होगी और क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। बिरला ने कहा कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान साबित होगा। इकॉनोमिक कोरिडोर बनने से किसान के लिए देश की बड़ी मंडियों के द्वार खुल जाएंगे।

बिरला ने किसानों से आग्रह किया कि वे आधुनिक खेती की ओर रुख करें और पारंपरिक खेती के साथ-साथ फलदार पौधों का भी रोपण करें। उन्होंने यह भी कहा कि कोटा और बूंदी क्षेत्र में एग्रो बेस्ड इंडस्ट्री के लिए अपार संभावनाएं हैं। इन क्षेत्रों में कृषि आधारित उद्योगों के विकास से किसानों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। बिरला ने कहा कि कोटा-बूंदी क्षेत्र में हमने गर्भस्थ शिशु और मातृ स्वास्थ्य की रक्षा के लिए "सुपोषित मां अभियान" की शुरुआत की है।

**इन विकास कार्यों की मिली सौगात :-** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) के अंतर्गत सुल्तानपुर पंचायत समिति क्षेत्र के ग्राम पंचायत लाखसनीजा के ग्राम फतेहपुर खुश्क, ग्राम पंचायत निमोदा के ग्राम छीपड़दा, ग्राम पंचायत बनेठिया के ग्राम जहांगीरपुरा में और इटावा पंचायत समिति क्षेत्र के ग्राम पंचायत बालूपा, करवाड़ और ग्राम पंचायत दुर्जनपुरा के ग्राम बाड़ोली में नवीन स्वीकृत उप स्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास व दोनों पंचायत समिति क्षेत्र में सीसी सड़क इन्टरलॉकिंग, सामुदायिक भवन, विद्यालयों में कक्षाएं, खेल मैदान, मुक्तिधाम, पेयजल सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास हुआ।

# फेसबुक विज्ञापन के जरिए ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

## सात मोबाइल फोन व चार सिम कार्ड बरामद किये



भीलवाड़ा की सदर थाना पुलिस ने ठगी करने वाले दो ठगों को गिरफ्तार किया है।

- ठगों से प. बंगाल, बिहार एवं अन्य राज्यों से पीड़ितों से लाखों की ठगी का खुलासा हुआ

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर की सदर थाना पुलिस ने फेसबुक विज्ञापन के जरिए ठगी करने वाले दो ठगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पुलिस ने सात मोबाइल फोन व चार सिम कार्ड बरामद किये।ये दोनों ठग फेसबुक पर पेपरकप का फर्जी विज्ञापन देकर लाखों की ठगी को अंजाम दे चुके थे।

जानकारी के अनुसार, पुलिस मुख्यालय की ओर से चलाये जा रहे साइबर शील्ड अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के आदेश से प्रतिबिंब पोर्टल पर प्राप्त संदिग्ध मोबाइल के सिमधारक के खिलाफ शिकायत पर कार्रवाई के लिए सदर थाने की टीम गठित की। टीम ने सिमधारक के एड्रेस मकान नंबर 42 काशी विहार कॉलोनी, हलेड रोड, भीलवाड़ा पर दबिश दी। इस मकान पर गढ़ के पास गढ़वर, मालपुरा टोंक निवासी राजवीर सिंह (30) पुत्र भवानी सिंह खंगारोत व बदनपुरा, काछोला निवासी नरेन्द्र सिंह (30) पुत्र भगवान सिंह शक्तावत मिले। इनके कब्जे से पुलिस ने 7 मोबाइल फोन व 4 सिम कार्ड बरामद किये। इनका विश्लेषण करने पर दोनों युवकों द्वारा अलग-अलग फेसबुक पर पोस्ट एवं स्टोरी के जरीये हॉलसेल रेट पर डिस्पोजल पेपरकप उपलब्ध होने के विज्ञापन पोस्ट कर लोगों से राशि ठगी की जा रही है। ऐसे साक्ष्य पुलिस को मिले। सभी मोबाइल में लगे सिमकार्ड अन्य लोगों के नाम से जारी होने का पता चला।

पुलिस का कहना है कि दोनों युवकों द्वारा मोबाइल फोन में फेसबुक पर विज्ञापन देकर लोगों को पेपरकप हॉलसेल रेट पर बेचने के नाम पर ठगी कर राशि हड़पने व विभिन्न कूटरचित दस्तावेजों से मोबाइल सिम को जारी करवाकर उनको इस्तेमाल करना पाया जाने पर केस दर्ज कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों ठगों से पश्चिम बंगाल, बिहार एवं अन्य राज्यों से पीड़ितों से लाखों रूपये की ठगी का खुलासा हुआ है।

# नकबजनी का एक आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने मकान में हुई चोरी का खुलासा किया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने नकबजनी के एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यू हाउसिंग बोर्ड के एक मकान में हुई चोरी का खुलासा किया है।

शहर कोतवाली राजपाल सिंह के अनुसार, न्यू हाउसिंग बोर्ड एफ सेक्टर निवासी भुवनेश भटनागर ने 4 जनवरी को रिपोर्ट दी कि वे परिवार सहित उदयपुर गये थे। वहां से लौटने पर मकान के ताले टूटे मिले। सार-संभाल करने पर 90 हजार रुपये की नकदी, सोने के टोप्स, अंगूठी, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, चांदी की अंगूठी, सिक्के, गणेशजी की चांदी की मूर्ति, अन्य मूर्तियां आदि गहने गायब मिले। इस रिपोर्ट पर केस दर्ज किया गया। जांच एएसआई मदनलाल खटीक के जिम्मे की गई। कोतवाल सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम ने वारदात का खुलासा करते हुये नेहरु विहार निवासी दुर्गेश (29) पुत्र नाथूलाल सैन को गिरफ्तार कर चोरी का कुछ माल भी बरामद किया है। पुलिस टीम द्वारा परंपरागत पुलिसिंग के जरिए दुर्गेश सेन से गहनता से पूछताछ कर उसे गिरफ्तार किया गया है।

# नीमकाथाना जिला बनाने की मांग

**पाटन, (निसं)।** नीमकाथाना जिला बनाने की मांग को लेकर 17 वें दिन भी हड़ताल जारी रही, जिसमें भूख हड़ताल पर बलदेव यादव, चन्द्रशेखर जाखड़, विरेन्द्र स्वामी, मोनू भावरिया, केशव सैनी ने नीमकाथाना जिले को यथावत रखने की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठकर धरने को जारी रखा। धरने पर बैठे लोगों में जोश देखा गया। वहीं उनकी एकजुटता में निरंतर बढ़ोतरी भी हो रही है। जिले को पुनः बहाल को लेकर राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन धीरे-धीरे इस आंदोलन से जुड़ रहे हैं, जिससे इसका प्रभाव और भी व्यापक हो रहा है। यह समर्थन आंदोलन को मजबूती प्रदान कर रहा है और आगे भी इससे जुड़े लोग इस संघर्ष को निरंतर जारी रखने का संकल्प ले रहे हैं। कई प्रमुख नेता भी इस आंदोलन के समर्थन में सामने आए है, जिससे आंदोलन को और अधिक मजबूती मिल रही है। लोग अब इस संघर्ष को सिर्फ एक पेशेवर मुद्दा नहीं, बल्कि एक जनांदोलन के रूप में देख रहे हैं।

# डीडवाना में पटवारियों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी, लोग परेशान

- अपनी मांगों को लेकर क्षेत्र के पटवारी चार दिन से हड़ताल पर हैं
- पटवारियों की हड़ताल से लोगों के रोजमर्रा के काम बाधित हुये

**डीडवाना, (निसं)।** डीडवाना में पटवारियों की हड़ताल लगातार जारी है और गुरुवार को चौथे दिन भी पटवारी धरने पर बैठे हैं। पटवार घर आज भी बंद रहे। इसकी वजह से आम लोगों के रोजमर्रा के काम बाधित हो रहे हैं। लोगों को किसी भी प्रकार के दस्तावेजों की नकलें प्राप्त नहीं हो रही है। हालांकि लोग पटवार घरों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन यहां आने पर उन्हें पटवार घर बंद नजर आ रहे हैं, जिसके कारण लोगों को बैरंग ही वापस लौटना पड़ रहा है।

पटवारियों की हड़ताल के कारण लोगों को जमीनों से संबंधित दस्तावेज की नकलें प्राप्त नहीं हो पा रही है। लोग पटवार घरों में जमाबंदी, गिरदावरी, मिलान क्षेत्रफल और ट्रैस नक्शा के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर पटवारी के हस्ताक्षर के लिए पटवार घर पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें पटवार घरों से बिना किसी काम के वापस लौटना पड़ रहा है। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर क्षेत्र के पटवारी पिछले चार दिनों से हड़ताल पर है। उनका कहना है कि पटवारियों के पास भूमि संबंधित दर्जनों काम है।

इसके अलावा किसानों और आम जनता से जुड़े काम भी पटवारी को ही करने होते हैं, लेकिन सरकार द्वारा पटवारियों को कोई भी संसाधन उपलब्ध नहीं करवाए जा रहे। पटवारियों का कहना है कि उन्हें गिरदावरी ऐप से गिरदावरी करने में समस्याएं हो रही है, क्योंकि यह ऐप खेतों में काम ही नहीं कर रहा। खेतों में ना तो नेटवर्क आता है, ना ही ऐप सही ढंग से संचालित हो रहा है।

वहीं दूसरी ओर पटवारियों पर जिला प्रशासन द्वारा कार्य का अत्यधिक भार डाल दिया गया है। इसके अलावा भी पटवारियों की कई मांगें लंबे समय से लंबित पड़ी है और सरकार ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। ऐसे में पटवारियों ने चेतावनी दी कि सरकार ने अगर उनकी मांगें नहीं मांगी तो उनकी हड़ताल आगे भी जारी रहेगी।




## सार-समाचार

### पिम्स ने जीता पेसिफिक मेडिकॉर्प टूर्नामेंट




**उदयपुर, (कासं)।** शिकारवाडी में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें पीएमसीएच पायरेट्स, पीआईएमएस पैंथर्स, थैलेसा वैलेंट्स और आदित्य रियल एस्टेट ने भाग लिया। फाइनल मैच पिम्स उमरडा की पीआईएमएस पैंथर्स और पीएमसीएच पायरेट्स के बीच हुआ। कप्तान लौकिक सूर्यवंशी के नेतृत्व में पीआईएमएस पैंथर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 184 रन बनाये। जवाब में पीएमसीएच पायरेट्स 122 रन ही बना सकी। पीआईएमएस पैंथर्स ने टूर्नामेंट में 62 रनों से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द टूर्नामेंट श्रेय रावल ने प्राप्त किया। सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज अमन शिखावत और सर्वश्रेष्ठ फील्डर जय पटेल रहे। इस पूरे टूर्नामेंट में पीआईएमएस पैंथर्स की टीम एक भी मैच में पराजीत नहीं हुई। विजेता टीम को 1,50,000 रूपये की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया। पीआईएमएस पैंथर्स के विजेता बनने पर पिम्स के चयरमेन आशीष अग्रवाल ने सभी खिलाडियों का सम्मान किया।

### ट्रांसफार्मर से तेल व वायरिंग चोरी

**कपासन, (निसं)।** कपासन में बिजली के ट्रांसफॉर्मर से तेल और तांबे की वायरिंग चोरी करने वाला गिरोह पिछले डेढ़ महीने से सक्रिय है। फतेहपुरा गांव में बुधवार रात को चोरों ने 60 केवीए का ट्रांसफॉर्मर तोड़कर उसका तेल और तांबे की वायरिंग चुरा ली। इस चोरी से गांव के 30 घरों की बिजली सप्लाई बाधित हो गई। बिजली विभाग के सहायक अभियंता मनीष कांवत केने बताया कि पिछले 45 दिनों में क्षेत्र में 12 ट्रांसफॉर्मर से चोरी की वारदातें हुई हैं। चोर रात के अंधेरे में ट्रांसफॉर्मर को पोल से उतारकर तोड़ते हैं और उसमें से तेल ओर तांबे की वायरिंग निकालकर ले जाते हैं। विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार, 7 जनवरी को बारिया खेड़ा, 2 जनवरी को हीराजी का खेड़ा, 31 दिसंबर को जीवा का खेड़ा, 30 दिसंबर को कपासन के पास दो ट्रांसफॉर्मर, 25-26 दिसंबर को मांगरी ताराखेड़ी में, 17 दिसंबर को उचनार और कोलपुरा, 10 दिसंबर को गोराजी का निंबाहेड़ा तथा 4 दिसंबर को रंडियारडी गांव में चोरी की वारदातें हुईंफतेहपुरा निवासी मुकेश जाट ने बताया कि बीती रात करीब 2 बजे बिजली सप्लाई बंद हो गई। सुबह जब ग्रामीणों ने देखा तो ट्रांसफॉर्मर टूटा हुआ मिला। इसकी सूचना तुरंत लाइनमैन को दी गई। बिजली विभाग इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज करवाएगा।

### महासभा का आयोजन

**देवगढ़, (निसं)।** महाराणा कुम्भा जन्मभूमि सेवा समिति के द्वारा महाराणा कुम्भा की 608वीं जयंती पर मेवाड़ महाकुम्भ-2 के तहत मदारिया (माल्यावास) में विराट महासभा का आयोजन मदारिया स्टेडियम में किया गया । कार्यक्रम में अलंकृत मंच पर सन्त सानिध्य श्री श्री 1008 महंत सुरेश दास महाराज अंतरराष्ट्रीय तीर्थ श्री सवाई भोज, देव नारायण मंदिर आसींद, मुख्य अतिथि दामोदर अग्रवाल सांसद भीलवाड़ा, विशिष्ट अतिथि भीम विधायक हरि सिंह रावत, सुरेन्द्र सिंह राठौड़ विधायक कुम्भलगढ़, सम्मानित अतिथि में डॉ. ओमेन्द्र रत्नू सर्जन एवं संस्थापक, धर्मांश फाउण्डेशन, जयपुर, सरपंच अम्बालाल गुर्जर की उपस्थिति मंच पर रही। समिति सदस्यों ने सभी का इकलाई और प्रतिक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने ऑनलाइन अपना उद्बोधन देते कहा मेवाड़ निर्माता कीर्तिपुरुष महाराणा कुम्भा की पावन जन्मभूमि मेवाड़ का एक गौरवशाली तीर्थ है महाराणा कुम्भा ने युद्धभूमि में विजयगाथाओं के साथ, साहित्य, कला, संगीत और संस्कृति क्षेत्र में नये कीर्तिमान रचे मेवाड़ के संस्थापक कीर्ति कलश महाराणा कुम्भा का कार्यकाल मेवाड़ के इतिहास का स्वर्णिम युग है।

### टावर लगाने का विरोध

**बांसवाड़ा, (निसं)।** शहर के खांदू कॉलोनी के वासिन्दों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन देकर खांदू कॉलोनी के सेक्टर नंबर 8 में मुख्य सडक़ के पास सार्वजनिक बगीचे के लिये आरक्षित भूमि पर निजी कंपनी द्वारा मोबाईल टावर लगाने के प्रयासों पर रोक लगाने की मांग की है। इन लोगों ने बताया कि इस संबंध में नगर परिषद् से भी शिकायत की गयी थी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई जिससे क्षेत्रवासियों में रोष है। इन लोगों ने मौके पर उद्यान विकसित करने की भी मांग की है। इन लोगों ने कलक्टर को बताया कि राबाउमावि ने भी इस संबंध में कार्यवाही की मांग की थी वहीं आलोक विद्या विहार सीनियर सैकण्डरी स्कूल एवं महाकवि आचार्य विद्या सागर विद्यालय प्रबंधकों आदि ने भी इस संबंध में कार्यवाही की मांग की थी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो पा रही है। इस संबंध में तत्कालीन पार्षद श्यामा राणा को भी वस्तुस्थिति से अवगत कराया तो उन्होंने भी बताया कि बिना अनुमति के टावर लगवाया जा रहा है।

### आधार अपडेट सेवाएं शुरू

**भीम, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर आधार मशीनों को संचालित नहीं होने से विद्यार्थियों को अपार आईडी बनाने में हो रही परेशानी को लेकर सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने भीम उपखंड मुख्यालय के दो सेंटर आधार अपडेट का कार्य प्रारंभ किया है। सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रोग्रामर बृजेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि भीम ब्लॉक में आधार की समस्या को लेकर नगर के साथ ही ग्रामीणों को भी परेशानी हो रही थी ब्लॉक के सभी गांव के लोगों व स्कूल के छात्र-छात्राओं को स्कूल रिकॉर्ड में आधार अपडेट करने को लेकर हो रही समस्या के समाधान हेतु उच्च स्तरीय अधिकारियों से संपर्क कर भीम के पंचायत समिति कार्यालय परिसर एवं पोस्ट ऑफिस आदि दो सेंटर पर आधार मशीन में ऑपरेटर लगाकर आधार अपडेट की सेवाएं सुचारू की है। जिससे आमजन को राहत मिल रही है।

## जागरूक करने का संकल्प लिया

**उदयपुर, (कासं)।** कुछ वर्षों में कैंसर के मरीजों की संख्या का बढी है। लोगों में इस बीमारी को लेकर भय व्याप्त है, इसे लाइलाज बीमारी समझा जाता है लेकिन इसका उपचार संभव है, ये कहना है कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज महाजन का। आमजन को कैंसर के कारण, लक्षण, उपचार और फिटनेट के प्रति जागरूक करने के लिए कैंसर को हराना है अभियान के तहत मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। कैंसर केयर क्लिनिक के डॉ. मनोज महाजन के नेतृत्व में विभिन्न संस्थानों से खिलाडियों और कर्मचारियों ने इसमें भाग लेकर लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया।

डॉ. मनोज महाजन ने बताया कि आधुनिकता में तनाव बढ गया है। लोग आर्थिक पक्ष को मजबूत करने की दौड में अपनी फिटनेस को पीछे छोड देते है इस कारण कई बीमारियों से प्रभावित हो रहे हैं। अगर हम शारीरिक रूप से फिट रहने का प्रयास करेंगे तो कैंसर जैसी बीमारी का भी प्रबंधन किया जा सकता है। जनवरी माह में आमतौर पर विभिन्न तरह के खेले प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है इसी के तहत कैंसर को हराना है अभियान की शुरूआत की गयी और मैची मैच रखा, जिसमें लेकसिटी के विभिन्न संस्थाओं में कार्य करने वाले कर्मचारियों के साथ क्रिकेट मैच खेला।

# अपहरण कर एक करोड़ फिरौती मांगने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

■ सविना थाना पुलिस ने कार्रवाई को दिया अंजाम

**उदयपुर, (कासं)।** भूमि व्यवसायी का अपहरण कर एक करोड़ रूपये फिरौती मांगने वाला कुख्यात हिस्ट्रीशिटर को सविना थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 25 दिसंबर 2024 को मोहम्मद एजाज पुत्र मोहम्मद मुमताज निवासी युआईटी कॉलोनी सेक्अर 12 सविना ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 25 दिसंबर को मै मेरे आफिस जस्टा होटल के पिछे बैठा था उस समय इमरान कुंजडे का ने वाट्सप कॉल कर अपने मित्र को सविना में प्लॉट की आवश्यकता होने से मेरे पास भेजने की बात की।

कुछ समय बाद उसके मित्र आए इस दौरान मेरे पार्टनर मुस्तफा और मोहम्मद इस्माईल भी थे। जिन्हें कार में ले जाकर पलोदड़ा हाउस के सामने भूखण्ड दिखाए, इनकार करने पर एसवी नगर में लेने को कहा तो उन्हें वहां ले जाकर प्लाट दिखाया। जहां उन्होंने मेलडी माता गेट के अन्दर पड़ी जमीन बेचने की बात कहते हुए हमे वहां ले गए। जहां कार से इमरान कुंजडा व साथियों ने कहा जमीन मेरी है देख लो। इस दौरान रेट तय करने के लिए मुझे व साथी मुस्मतफा को अपने साथ कार में बिठा ले गया तथा मोबाईल छिन कर चिल्लाने पर जान से मारने की धमकी दी। साथी इस्माईल को एजाज की गाडी में बिठा दिया मुझेइमराम व साथी अपनी कार में मेलडी माता गेट से हाइवे लोकर बलीचा लोते हुए नये खेड़ा होकर रामपुरा, बडी , हल्दी घाटी व राजसमन्द आमेट के आगे गाडी रोक कहा की एमडी ने कहा है प्रोपर्टी में बहुत कमा रहा है मुझे 1 करोड़ रूपये मांगे।

इस दौरान चाकू व पिस्टल दिखाया तथा उसके कहने पर साले दुलाभाई को फोन कर 20 लाख रूपये मागे तो उसने इनकार कर दिया। इसके बावजूद जान से मारने की धमकी देते हुए रूपये मांगे। कुछ समय बाद 11 लाख रूपये दूसरे दिन देने की बात कहते हुए उसके साथी ने हमें सुखाडिया सर्कल के पास छोड कर पैदल भाग गया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझ, पुलिस उप अधीक्षक छगन राजपुरोहित के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी राव अजयसिंह के नेतृत्व में गठित दल मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर कुजरवाड़ा धानमण्डी हॉल रज्जा कॉलोनी मल्लातलाई अम्बामाता निवासी इमरान कुंजडा पुत्र मोहम्मद युसुफ को गुजरात जुहापुरा अहमदाबाद से डिटेन कर उदयपुर लेकर पहुंचे। जहां बीच रास्ते अम्बामाता घाटी में उल्टी एवं घबराहट होने के बहाने वाहन से निचे उतर कर पुलिस को धक्का देकर भागने लगा। जिसके चलते वह निचे गिरने से वह चोटिल हो गया।

जिसे डिटेन कर पुलिस ने एमबी चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती करवाया। आरोपी इमरान कुंजड़ा अम्बामाता पुलिस थाने का हिस्ट्रीशिटर होकर उसके खिलाफ अवैध वसूली, फिरौती, मारपीट, हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, अवैध हथियार रखने, मादक पदार्थ परिवहन करने जैसे 29 अपराधिक प्रकरण पूर्व में दर्ज है। जुआपुरा अहमदाबाद में डिटेन करने के दौरान अपने परिचितों, रिश्तेदारों तथा धनी आबादी का फायदा उठाने के लिए जोर जोर से चिल्लाना शुरू कर पुलिस गिरफ्त से बचने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस दल ने सख्ती दिखाते हुए डिटेन कर साथ लेकर रवाना हुई।

## दो गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** पाटिया थाना पुलिस ने सूने मकान के ताले तोड़ कर जेवरात चोरी करने एवं जेवरात को खुर्द बुर्द करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 8 सितंबर 2024 को मणीलाल निवासी भगोरपाड़ा पाटिया ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि 7 सितंबर को मकान पर ताला लगा कर बाहर गए थे तथा उपरी मंजिल पर पुत्र हरिकृष्ण सोया था। जो दूसरे दिन निचे उतरा तो देखा कि अन्य कमरों व तीजोरी का ताला टूटा हुआ तथा समान बिखरा पड़ा हैं तलाश की तो सोने की अंगुठी 16 नंग, चेन 2 नंग, कान के 2 नंग, कान के छोटे दो नंग,कांटे 7 नंग, नथडी 2 नंग, चांदी की जोड़ दो,चांदी की छोटी बडी करीब 20 पायले, चांदी का चुडीनंग 2, हथफुल 1, कमजुरा 2 नंग, लोकेट 16 नंग, टोहला 5 नंग, चांदी की चेन 3 नंग, चुडी 12 नंग, अंगुठी 4नग, मगलसूत्र 1 नंग, सोने के टीके 2 नंग, 10 हजार रूपये नकदी गायब थी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में पाटिया थानाधिकारी देवेन्द्रसिंह राव के नेतृत्व में गठित दल ने जगदीश निवासी सुखबावडी पाटिया तथा नारायणलाल पुत्र भीकमचंद सोनी निवासी ईडर गुजरात को गिरफ्तार किया।

## अवलोकन किया

**डूंगरपुर, (निसं)।** पीएमश्री राउमावि थाणा का गुरुवार को एसीबीईओ विमल साद ने अवलोकन कर विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बोर्ड परीक्षा 2०25 में विशेषकर बोर्ड कक्षा 1० व 12 के छात्रों को परीक्षा संबंधी उपयोगी बातें बताई।


(प्रपत्र संख्या-7)(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग उदयपुर (राज.)**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

**नोटिस**

पत्रावली संख्या:-181/2024/उदयपुर/5383
दिनांक- 17/12/24

वास्ते:-
श्रीमती भगवती देवी देवचन्द पंचोली (जैन) चेरिटेबल ट्रस्ट, आश्रय, 33, चित्रकुट विहार, गोपाल मार्बल के पास, सेक्टर-14, हिरणमगरी, उदयपुर
श्रीमती भगवती देवी देवचन्द पंचोली (जैन) चेरिटेबल ट्रस्ट, आश्रय, 33, चित्रकुट विहार, गोपाल मार्बल के पास, सेक्टर-14, हिरणमगरी, उदयपुर की ओर से श्री हेमन्त कुमार जैन, संस्थापक अध्यक्ष ने प्रपत्र-6 मय विधान के पंजीयन कराने बाबत राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा-17 में आवेदन पेश किया।

अत: एव धारा 18 कि प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपयुक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम,व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे , इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60(साठ) दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां,यदि कोई हो, प्रस्तुत करें। आगामी पेशी तारीख 27/2/25 की रखी गयी है।

यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 16.12.24 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

मुहर (जतीन कुमार गाँधी) सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर


# प्रसूति व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. जाखेटिया सम्मानित




**डॉ. भामिनी जाखेटिया को प्रतिष्ठित जर्नल ऑफ ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी के सर्वश्रेष्ठ शोध लेख के लिए सम्मानित किया गया।**

**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. भामिनी जाखेटिया को प्रतिष्ठित जर्नल ऑफ ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी द्वारा वर्ष 2023-24 के सर्वश्रेष्ठ शोध लेख के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन, मुंबई में सम्मानित किया गया। यह महत्वपूर्ण शोध कार्य गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में किया गया था।साथ ही, डॉ. भामिनी ने सम्मेलन के दौरान स्त्री रोग कैंसर से संबंधित डेटा का प्रस्तुतीकरण भी किया।


**आरएमजीबी RMGB राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक**

(भारत सरकार, राजस्थान सरकार, एंव स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया का संयुक्त उपक्रम)

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अधीन निविदा द्वारा सार्वजनिक विक्रय सूचना**

चूंकि निम्न ऋणी/जमानती को उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत उनके सामने अंकित बकाया राशि की वसूली के हेतु नोटिस जारी किये गये थे। तत्पश्चात् अधोपदनामित द्वारा जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक शाखा-ताल का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अधीन प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न ऋणी/जमानती की बंधक सम्पत्ति को कब्जे में लेकर "जैसी हैं-जहाँ है" तथा "जैसी है-जो भी हैं" के आधार पर ऋण वसूली हेतु विक्रय के लिये निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| ऋणी/जमानती का नाम | धारा 13 (2) के नोटिस की तिथि एवं राशि (रू) | बन्धक रखी गई सम्पत्ति का विवरण | दिनांक 08.01.2025 तक बकाया राशि (रू) | निविदा जमा कराने कि तिथि, स्थान एवं समय | नीलामी तिथि, स्थान एवं समय | आरक्षित मूल्य, एवं धरोहर राशि (रू) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **ऋणी:-** श्री राजू सिंह पुत्र श्री वरद सिंह रावत **जमानती:-**श्री पारसमल पिता श्री सोहनलाल | 02.07.2024 रू 4,85,059/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | श्री राजू सिंह पुत्र श्री वरद सिंह रावत के नाम भूमि एंव निर्माण आवासीय मकान पट्टा नं.- 82, जिसका क्षेत्रफल 1949.75 वर्ग फीट है जो कि गॉव-सिरोधनिया, ग्राम पंचायत ताल, तहसील देवगढ, जिला-राजसंमंद (राज.) में स्थित है। **सम्पत्ति का पडौस निम्नानुसार है:- उत्तर में:-** आम रास्ता, **दक्षिण में:-** राम सिंह का मकान, **पूर्व में:-** लक्ष्मण सिंह का मकान, **पश्चिम में:-** नारायण सिंह का मकान | रू 4,40,473/- + ब्याज एवं अदत्त खर्चे | दिनांक 20.02.2025 को शाखा परिसर ताल एवं समय प्रातः 01.30 बजे तक | दिनांक 20.02.25 को शाखा परिसर ताल एवं समय दोपहर 02.00 बजे | आरक्षित मूल्य 11,24,000/- धरोहर राशि 1,12,400/- |

**नीलामी की शर्तें:-**1. उपरोक्त सम्पत्तियों को उक्त अंकित आरक्षित मूल्य से कम में नहीं बेचा जायेगा। इच्छुक निविदादाताओं को **प्राधिकृत अधिकारी, राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक, शाखा-ताल** के पक्ष में देय पें-आर्डर/डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में (जो कि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक या अनुसूचित बैंक का हो) उक्त अंकित धरोहर राशि जमा करानी होगी। सफल बोलीदाता के मामले में कथित जमा राशि समायोजित कर ली जाएगी अन्यथा निविदा प्रक्रिया के पूर्ण होने पर वापस कर दी जाएगी। धरोहर राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। 2. मुहरबंद निविदाएं धरोहर राशि सहित सीलबंद लिफाफे में **प्राधिकृत अधिकारी, राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक शाखा-ताल** को संबोधित हो जिस पर उपरोक्त सम्पत्ति जिस हेतु निविदा दी गई है का विवरण लिखा हो, **प्राधिकृत अधिकारी, राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक,** की शाख-ताल में दिनांक 20.02.2025 (अंतिम तिथि) दोपहरः 01.30 बजे तक जमा कराई जा सकती है। 3.अंतिम तिथि के बाद/बिना धरोहर राशि के/अधूरा/किसी भी प्रकार की शर्तो सहित होने पर निविदा अमान्य होगी, निविदाऐं दिनांक 20.02.2025 को प्राधिकृत अधिकारी एंव उपस्थित निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में दोपहर 02.00 बजे विचारार्थ खोली जाएगी तथा निविदाकर्ताओं के मध्य आपस में बोली बढाने के लिए अवसर दिया जाएगा और अधिकतम बोली को स्वीकार किया जाएगा। 4.अनुसूचित सम्पत्ति का निरीक्षण सम्पत्ति स्थल पर किया जा सकता है। 5. सफल बोलीदाता को बोली छूटने के 24 घंटे के अन्दर बिक्री मूल्य की 25 प्रतिशत राशि जमा करानी होगी अन्यथा धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। क्रेता को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीलामी पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के अन्दर या अधोपदनामित के स्वविवेकानुसार दिए गये समय में शेष 75 प्रतिशत राशि जमा करानी होगी अन्यथा धरोहर राशि जमा राशि जब्त कर ली जाएगी। 6. प्राधिकृत अधिकारी सर्वोच्च ऑफर अथवा किसी/समस्त ऑफर को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है तथा वह बिना कारण बताए उसे अस्वीकार कर सकते हैं। 7. विधि अनुसार यथा प्रयोज्य हस्तान्तरण खर्च जेसे-स्टाम्प शुल्क पंजीकरण फीस इत्यादि हेतू देय प्रभार/शुल्क सफल बोलीदाता वहन करेगा। 8. सम्पत्ति **"जैसी है-जहां है" तथा "जैसी है-जो भी है"** के आधार पर बेची जाएगी तथा अधोपदनामित के ज्ञानानुसार सम्पत्ति पर कोई बकाया नहीं है फिर भी यदि कोई बकाया होता हैं तो निविदाकार/खरीददार को जमा कराना होगा। 9. बिक्री अधीन सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी प्रकार के प्रभार, लियन, भारग्रसता, सम्पत्ति कर अथवा सरकार अथवा किसी अन्य को देय कोई प्रभार के लिये प्राधिकृत अधिकारी को उत्तरदायी नहीं ठहराया जायेगा। 10. बिक्री प्रमाण-पत्र निविदाकार के नाम से ही दिया जाएगा। 11. उक्त सम्पत्ति के लिए इच्छुक क्रेता नहीं आने पर या बोली स्वीकार नहीं करने के कारण सम्पत्ति को नियम 8(5) में वर्णित अन्य शक्तियों का उपयोग करते हुए बेचा जा सकेगा। 12. **यह प्रकाशन उपरोक्त सभी ऋणीयों/जमानतदारों को 30 दिन का विक्रय नोटिस भी है।** नोट: एतद् द्वारा ऋणीयों और जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि यदि आपके पास कोई उचित मूल्य देने वाले क्रेता उपलब्ध हो तो निविदा तिथि तक प्राधिकृत अधिकारी को सम्पर्क करें और सम्पत्ति उचित मूल्य पर शांतिपूर्वक विक्रय में सकारात्मक सहयोग देवें।

अधिकृत एन्फोर्समेन्ट एजेन्सी:-
एम.बी. फाईनेन्स, 317, 3rd फ्लोर एम.एम.कॉम्पलेक्स, उदियापोल, उदयपुर-313001 (राज.)
मो. नंबर:-6376410997,9460507672

प्राधिकृत अधिकारी
राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक शाखा-ताल
मो. नंबर:-.......


## शिक्षा को डिजिटल युग से जोड़ने का प्रयास पर कार्यशाला

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक इंस्टीट्युट ऑफ बिजनेस स्टडीज और आईपीआर सेल पेसिफिक विवि के द्वारा शैक्षणिक वीडियो निर्माण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में शिक्षकों को शैक्षणिक वीडियो निर्माण के तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं पर प्रशिक्षित किया गया।

पेसिफिक वि.वि. के प्रेसिडेंट प्रो. हेमंत कोठारी ने कहा कि डिजिटल शिक्षा के इस युग में, शैक्षणिक वीडियो निर्माण एक ऐसा कौशल है जो न केवल शिक्षकों की दक्षता को बढ़ाता है, बल्कि छात्रों को सीखने में भी अधिक रुचि प्रदान करता है। यह कार्यशाला शिक्षाविदों को डिजिटल उपकरणों का बेहतर उपयोग करने और शिक्षण पद्धतियों को अधिक आधुनिक बनाने में मदद करेगी। युनिवर्सिटी का उद्देश्य शिक्षकों को ऐसी क्षमताओं से सुसज्जित करना है, जो उन्हें वैष्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाए। कार्यशाला के प्रशिक्षक प्रो. अनुराग मेहता ने बताया कि किस तरह से सरल उपकरणों जैसे लैपटॉप और मोबाइल फोन का उपयोग कर शैक्षणिक सामग्री को अधिक प्रभावशाली और उपयोगी बनाया जा सकता है। उन्होंने प्रौद्योगिकी के महत्व और इसे उच्च शिक्षण में अपनाने के विविध तरीकों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में विष्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षाविदों ने भाग लिया। उन्हें पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन और अन्य डिजिटल उपकरणों का उपयोग कर शैक्षणिक वीडियो बनाने की जानकारी दी । कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने लाइव प्रोजेक्ट्स पर काम करते हुए अपनी रचनात्मकता और तकनीकी कौशल को निखारा।

कार्यशाला के समन्वयक डॉ. मोहम्मद अबिद ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह पहल शिक्षकों को नई तकनीकों से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण कदम है। शिक्षण में यह नवाचार अत्यंत लाभदायक है और यह प्रयास न केवल शिक्षकों को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने में सहायक है, बल्कि शिक्षा को एक नई दिशा देने का माध्यम भी बनेगा।

## प्रोफेसर ने की आत्महत्या

**उदयपुर, (कासं)।** महाराणा प्रताप कृषि प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सवेरे न्यू आरटीओं निवासी नवीन चौधरी (55) पुत्र खेतसिंह चौधरी ने अपने कार्यालय में फांसी लगा ली। सवेरे नवीन घर से कॉलेज पहुचे। जहां कमरे में फांसी लगा ली थी।

साथी कर्मचारियों द्वारा आवाज लगाने पर जवाब नहीं मिला तो कमरें में देखा तो वह फंदे पर लटका हुआ था। इधर इसकी सूचना मिलने पर एएसआई राजेश ने मौके पर पहुंच कर फंदे से नवीन को निचे उतार एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

वहीं शहर के भुपालपुरा थानाक्षैत्र में दो पक्षों के बीच समझाईश करने आए युवक के साथ बदमाश मारपीट कर फरार हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार सवेरे सुभाषनगर निवासी प्रतापसिंह के मकान पर रावजी का हाटा निवासी उदित सिंह आया। जिससे बातचीत होने के दौरान कहासूनी होने पर मकान मालिक प्रतापसिंह के बचाव में आए किराएदार हरिश बुनकर पर आरोपी हमला कर फरार हो गए।

# जनसुनवाई में अनीता को मौके पर मिली राहत

■ जिला ने सुनी परिवेदनाएं, निस्तारण के निर्देश

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिला कलक्टर अंकित सिंह ने जिला स्तरीय जनसुनवाई में परिवादी अनीता की परिवेदना का मौके पर ही निस्तारण करवा कर राहत प्रदान की।

गुरुवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में तिजवड निवासी अनीता ने पीएम किसान आईडी बंद होने की परिवेदना प्रस्तुत की। इस पर जिला कलक्टर ने तहसीलदार डूंगरपुर को तत्काल ही जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। तहसीलदार डूंगरपुर जियाउर्रहमान द्वारा पूरे मामले की तस्दीक करने पर परिवादी की आईडी तकनीकी कारणों से निष्क्रिय होना पाया। इस पर तकनीकी कार्यवाही करते हुए आईडी को पुन: सक्रिय करवाते हुए अनीता को मौके पर राहत प्रदान की गई।

जिला स्तरीय जनसुनवाई में कुल 36 परिवेदनाएं प्राप्त हुई। जिला कलक्टर सिंह बारी-बारी से प्रत्येक परिवादी की परिवेदना को गंभीरता से सुना। उन्होंने नगर परिषद क्षेत्र में प्राकृतिक नाले पर अतिक्रमण की परिवेदना पर नगर परिषद व तहसीलदार को जांच कर मौके का पर्चा बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किये वहीं नालियों की साफ सफाई, अतिक्रमण हटवाने, कचरे का ढेर हटवाने, स्ट्रीट लाइट शुरू करवाने की परिवेदनाओं का तत्काल ही निस्तारण करवाने हेतु नगर परिषद आयुक्त को निर्देशित किया।

जनसुनवाई में अतिक्रमण हटवाने, रास्ता खुलवाने की परिवेदनाओं पर संबंधित तहसीलदारों को मौके पर से जाकर जांच का रिपोर्ट प्रस्तुत करने एवं महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत अतिरिक्त दिवस का काम दिलवाने, स्वामित्व योजना में पट्टा दिलवाने, जमाबंदी में नाम जुडवाने, अधिकार पत्र में नाम जुडवाने की परिवेदनाओं पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी को संबंधित विकास अधिकारियों को नियमानुसार निस्तारण करने हेतु दिशा निर्देश प्रदान किये। जनसुनवाई में एडीएम दिनेश धाकड, उपखंड अधिकारी मुकेश मीणा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल पहाडिया सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी गण मौजूद रहें वही ब्लॉक स्तरीय अधिकारी ब्लॉक स्तर से वर्चुअल माध्यम से मौजूद रहें।

**यह आई परिवेदनाएं:-** जनसुनवाई में सीमांकन कराने, चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना का लाभ दिलवाने, अतिक्रमण हटवाने, सडक पर अतिक्रमण हटवाने, गार्डन की सफाई करवाने, टावर हटाने, पट्टा जारी करवाने, राजस्व नक्शा पैमाना सुधार करवाने, वार्डो का पुनर्गठन करवाने, दुर्घटना बीमा का लाभ दिलवाने, रास्ता खुलवाने, वनाधिकार पत्र में सुधार करवाने सहित अन्य परिवेदनाएं प्राप्त हुई। जिला कलक्टर ने समस्त संबंधित अधिकारियों को परिवेदनाओं का नियमानुसार शीघ्र निस्तारण करते हुए राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।


प्ररूप-5
(नियम 6 (2) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी) नगर पालिका, कपासन जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)**

क्रमांक/ न.पा.क./भूमि/2024-25/4931 दिनांक: 16-01-2025

**-: उजरदारी सूचना :-**

निम्न आवेदको ने नीचे वर्णित भूमि में के अपने अधिकार आवासीय के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लंबाई और चौड़ाई सहित क्षैत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री फिरोज हुसैन पिता श्री मोहम्मद यासीन | जिलाःचित्तौड़गढ़ नगरःकपासन | नन्दवाना कॉलोनी वार्ड नं. 08 कपासन | - | 139.40 वर्गमीटर |
| 2. | श्री सज्जाद हुसैन पिन्जारा पिता श्री असगर हुसैन | जिलाःचित्तौड़गढ़ नगरःकपासन | नन्दवाना कॉलोनी वार्ड नं. 08 कपासन | - | 116.17 वर्गमीटर |
| 3. | श्रीमती शहनाज बानू पत्नी श्री पप्पु खां | जिलाःचित्तौड़गढ़ नगरःकपासन | नन्दवाना कॉलोनी वार्ड नं. 08 कपासन | - | 83.64 वर्गमीटर |
| 4. | श्री मोहम्मद अकील शेख पिता श्री मोहम्मद शफी शेख | जिलाःचित्तौड़गढ़ नगरःकपासन | नन्दवाना कॉलोनी वार्ड नं. 08 कपासन | - | 116.17 वर्गमीटर |
| 5. | श्री रमजान मोहम्मद मंसुरी पिता श्री इमाम बक्ष | जिलाःचित्तौड़गढ़ नगरःकपासन | नन्दवाना कॉलोनी वार्ड नं. 08 कपासन | - | 116.17 वर्गमीटर |
| 6. | श्रीमती सुनिता बारेगामा पत्नी श्री कमलेश बारेगामा | जिलाःचित्तौड़गढ़ नगरःकपासन | बुद्धाखेड़ा वार्ड नं. 09 कपासन | - | 113.84 वर्गमीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 69-क के अधीन / राजस्थान स्टेट ग्रान्ट एक्ट 1961 के तहत पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 16/10/2025 को जारी की गयी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका, कपासन**


TRUE VALUE
MARUTI SUZUKI
फ्री-होम इवैल्यूएशन के साथ
गाड़ी बिकती है
सिर्फ़ TRUE VALUE पर
CELEBRATING
50 LAKH+
HAPPY FAMILIES
ऑन-टाइम पेमेंट
आसान आर. सी. ट्रांस्फर
अपनी कार बेचने के लिए स्कैन करें
पूछताछ के लिए कॉल करें यहाँ 1800 102 1800 | या जाएँ यहाँ www.marutisuzukitruevalue.com
*नियम और शर्तें लागू। Verified Car History और Warranty केवल True Value प्रमाणित कारों पर लागू। नि:शुल्क सेवा केवल श्रम शुल्क पर लागू है। वाहन पर काला शीशा प्रकाश प्रभाव के कारण होता है।
UDAIPUR: S-140, MADRI INDUSTRIAL AREA, UDAIPUR, NAVNEET MOTORS: 7230016838, 9929140770, 7597349534 | SUKHER, 200 FEET ROAD, SUKHER BYE PASS, KHELGAON ROAD, NEAR BHERAVGARH RESORT, UDAIPUR, TECHNOY MOTORS: 9530396820, 8112266227, 9530396861 | BANSWARA: THIKARIA DAHOD ROAD, BANSWARA, NAVNEET MOTORS: 7665887333.